www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 239 । भोपाल, मंगलवार 29 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

फिर पटरी पर दौड़ी गुना-बीना पैंसेजर पृष्ठ 2
▪ कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्याएं: ये युवा खून किस के हाथों पर है! पृष्ठ 4
▪ साढ़े 5 लाख से अधिक बच्चों को खिलाई जाएगी कृमिनाशक गोली पृष्ठ 6
आपके स्नेह और प्यार ने भाव-विभोर कर दिया पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### पदोन्नति को भी नियुक्ति बताकर प्रचारित करते हैं मोदी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटते हैं और फोटो खिंचवाकर इसे भी सरकारी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। श्री खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचार पर भरोसा करते हैं। स्थिति यह है कि सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटकर उसे भी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। उन्होंने कहा, सालाना दो करोड़ नौकरियाँ देने का वादा कर, मोदी जी हमारे युवाओं को इस तरह के ईएमआई के रूप में कुछ हज़ार भर्ती पत्र बाँट रहे हैं। आज भी बाँटेंगे। ताज़ा समाचारों से पता चला है कि इन सरकारी नौकरियों में उनके नाम भी हैं जिनको प्रोमोशन मिला है।

### राजस्थान में न्यूनतम मजदूरी में हुई बढ़ोतरी

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्रमिकों को आर्थिक सम्बल देने के लिए प्रत्येक वर्ग के लिए न्यूनतम मजदूरी की दरों में 26 रुपए प्रतिदिन की बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अब अकुशल श्रमिक को 259 रुपए के स्थान पर 285 रुपए प्रतिदिन, अर्द्धकुशल श्रमिक को 271 रुपए के स्थान पर 297 रुपए प्रतिदिन, कुशल श्रमिक को 283 रुपए के स्थान पर 309 रुपए प्रतिदिन तथा उच्च कुशल श्रमिक को 333 रुपए के स्थान पर 359 रुपए प्रतिदिन मजदूरी प्राप्त होगी।

### ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर, एजेंसी।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने चालू वर्ष के दौरान ड्रग तस्करों की करीब 2.1 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली। बारामूला पुलिस ने तीन आवासीय घर, करीब 90.02 लाख मूल्य के तीन निजी वाहन और लगभग 1.2 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है। स्वापक ओषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस)1985 की धारा के तहत पट्टन, क्रेरी, कमलकोट उरी और नांबला उरी बारामूला में ड्रग तस्करों की संपत्ति जब्त की गई।

### कांग्रेस नेता मुन्नम से ईडी ने की पूछताछ

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में कांग्रेस नेता संजय मुन्नम से प्रवर्तन निदेशालय के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ शुरू कर दी गई है। देवघर में चर्चित राय बंगला की जमीन खरीद मामले में भी ईडी ने कई लोगों को समन किया है। देवघर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय मुन्नम सहित कई अन्य लोगों को भी ईडी ने समन भेजा है। इस मामले में भाजपा नेता अभिषेक आनंद झा, अमरनाथ टेकरीवाल सहित अन्य लोगों से भी ईडी पूछताछ करेगी। उल्लेखनीय है कि बीते 23 अगस्त को ईडी ने मुन्नम, योगेंद्र तिवारी सहित कई अन्य लोगों के कुल 32 ठिकाने पर छापेमारी की थी।

### पुंछ व राजौरी से पीटीआई के झंडे किए गए बरामद

**जम्मू, एजेंसी।** इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के झंडे सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में बरामद किए गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुंछ जिले के भिम्बर गली सेक्टर में मिडिल स्कूल सरुला में गुब्बारों से बंधे झंडे देखे गए और पुलिस ने इन्हें अपने कब्जे में ले लिया। राजौरी जिले के लाम इलाके से पाकिस्तान के राष्ट्रीय ध्वज और पीटीआई के झंडे के साथ बहुरंगी गुब्बारे भी बरामद किए गए। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या ये झंडे नियंत्रण रेखा के पार से हवा में छोड़े गए थे या पुंछ और राजौरी जिलों के भीतर कहीं से।

### स्कूलों में मोबाइल फोन पर लगाया प्रतिबंध

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश सरकार ने राज्य भर के स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर विद्यार्थियों के स्कूलों में मोबाइल फोन लाने पर रोक लगा दी है। विभाग ने कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। शिक्षकों को कक्षाओं में जाने से पहले अपने सेल फोन हेडमास्टर के पास जमा कराने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने कहा कि यह प्रतिबंध यह सुनिश्चित करने के लिए लगाया गया है कि शिक्षण में कोई व्यवधान न हो।

---

नीतीश का संयोजक बनने से इनकार, बोले-

# मुझे कुछ नहीं बनना, हम लोग सबको एकजुट कर रहे



▪ विपक्षी दलों की मुंबई में होनी अगली बैठक
▪ संयोजक के नाम की हो सकती है घोषणा

**पटना, एजेंसी।** विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एकबार फिर दोहराया कि उन्हें कुछ नहीं बनना। उन्होंने कहा कि हमलोग सबको एकजुट कर रहे हैं।

पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान आईएनडीआईए (इंडिया) गठबंधन में संयोजक बनाए जाने के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बराबर कह रहे हैं कि हमको कुछ नहीं बनना है। दूसरे लोगों को बनाया जाएगा। हमारी कोई इच्छा नहीं है। हम सबको एकजुट करना चाहते हैं । उन्होंने कहा, हमको कुछ व्यक्तिगत नहीं चाहिए। हम सबका हित चाहते हैं इसलिए कभी ये सब मत सोचिए कि हम व्यक्तिगत कुछ चाहते हैं। हमलोग तो सबको एकजुट कर रहे हैं । विपक्षी दलों की अगली बैठक मुंबई में होनी है। माना जा रहा है कि इस बैठक में संयोजक के नाम की घोषणा की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा भारत को असली आजादी 1977 में जेपी आंदोलन के बाद मिलने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन लोगों की किसी बात पर हम ध्यान ही नहीं देते हैं। देश को आजादी कब मिली है। ये सबको मालूम है। उन्होंने कहा कि जिनको आजादी के बारे में नहीं मालूम है, इसका मतलब वो कितना ई-लीगल है। उन सब का कोई वैल्यू नहीं है।

### लालू ने कहा था, संयोजक को लेकर नहीं कोई विवाद

पिछले दिनों गोपालगंज पहुंचे आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने साफ कर दिया था कि इंडिया का संयोजक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही नहीं बल्कि कोई और भी हो सकता है। लालू प्रसाद ने कहा था कि गठबंधन में संयोजक को लेकर किसी तरह का कोई विवाद नहीं है और अगली बैठक में सभी दलों के लोग मिल-बैठकर तय कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि तीन-चार राज्यों का एक कन्वीनर बनाया जाएगा और सहूलियत के लिए राज्यों में भी संयोजक नियुक्त किए जाएंगे। मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक में 26 दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की संभावना है। मुंबई की बैठक इंडिया गठबंधन का लोगो जारी किया जा सकता है। पहली बैठक पटना में 23 जून को हुई थी। बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को दूसरी बैठक हुई थी।

### दिसम्बर में हो सकते हैं लोकसभा चुनाव



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सोमवार को कोलकाता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अगर लोकसभा चुनाव दिसंबर में ही करा दे, तो हैरानी नहीं होगी। ममता बनर्जी से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी समय से पहले लोकसभा चुनाव की आशंका जता चुके हैं।

---

प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपे, बोले-

# भारत जल्द शीर्ष-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 28 अगस्त को 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 51 हजार 106 युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपे। देश भर में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने सबको बधाई दी और कहा कि भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। मोदी ने कहा, देश के हर युवा का सपना है कि वो देश का प्रहरी बने। आप देश की सेवा के साथ-साथ यहां के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे। इसलिए आप सभी आजादी के अमृत काल के अमृत रक्षक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। सरकार के प्रयासों ने मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग को कई गुना बढ़ा दिया है। भारत में बने फोन पूरी दुनिया में बिक रहे हैं। मोबाइल के बाद भारत अब दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर फोकस करेगा।

---

महात्मा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में लोकार्पण और भूमिपूजन में मुख्यमंत्री ने की घोषणा, कहा

# मेडिकल कॉलेज के सभी चिकित्सकों को मिलेगा 7 वां वेतनमान



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, गृह इत्यादी सभी विभागों में कार्यरत चिकित्सकों के लिए टीएसीपी की व्यवस्था लागू की जाएगी। इससे चिकित्सकों को समयबद्ध तरीके से वेतनवृद्धि मिलेगी और पदोन्नति की बाध्यता नहीं रहेगी। सीएम ने कहा कि हम यह भी सोच रहे है कि इसमें पांच, दस और पन्द्रह का फॉर्मूला लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को सातवें वेतनमान का लाभ 1 अप्रैल 2018 से मिला, बाकी को 2016 से मिल गया। यह न्याय नहीं है इसलिए यह अन्याय को मैं समाप्त कर रहा हूं अन्य डॉक्टर के समान ही 1 जनवरी 2016 से सातवें वेतनमान का लाभ डॉक्टरों को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज शासकीय महात्मा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में 2 हजार बिस्तरीय अस्पताल के निर्माण कार्य, नर्सिंग कॉलेज और हॉस्टल तथा ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां गांधी मेडिकल कॉलेज में 726 करोड़ के नए दो हजार बिस्तर के अस्पताल और ओपीडी ब्लॉक एवं नर्सिंग कॉलेज व हॉस्टल का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य बन गया है। इसका श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जाता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान लगातार स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में हिन्दी में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू की गई है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मध्यप्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन रहा है। प्रदेश में 11 हजार हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा मोहम्मद सुलेमान और स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदामा खाड़े सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक मौजूद थे।

### स्वास्थ्य अधोसंरचना पर एक नजर

- वर्ष 2002-03 में स्वास्थ्य का बजट मात्र 578 करोड़ रुपए था, जो वर्ष 2023-24 में लगभग 20 गुना बढ़कर 11 हजार 988 करोड़ रुपए हो गया है।
- 2003 में डॉक्टर्स और पैरा-मेडिकल स्टाफ की संख्या लगभग 7500 थी, जो अब बढ़कर 51 हजार से अधिक हो चुकी है।
- वर्ष 2003 तक प्रदेश में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 5 थी, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 24 हो चुकी है।
- भोपाल तथा ग्वालियर मेडिकल कॉलेज की बिस्तर क्षमता को कुल 2 हजार 500 बिस्तर तक बढ़ाया गया।
- इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में चार नए सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल प्रारंभ। ग्वालियर में 1 हजार बिस्तरीय अस्पताल भी प्रारंभ।
- अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 21 हजार 234 से बढ़कर 45 हजार से अधिक हुई। आईसीयू बेड की संख्या 277 से बढ़कर 2085 हुई।

---

### गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत करेगी कर्नाटक सरकार



**मैसूर, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार 30 अगस्त को गृह लक्ष्मी योजना की शुरुआत करेगी। इसकी घोषणा कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे गृह लक्ष्मी गारंटी योजना के मेगा लॉन्च कार्यक्रम में शामिल होंगे। सरकार की योजना के तहत बीपीएल परिवारों की महिला प्रमुखों को 2,000 रुपए मासिक दिया जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि उनकी सरकार ने चुनाव के दौरान दी गई तीन गारंटी योजनाएं लागू की हैं। चौथी गृह लक्ष्मी योजना 30 अगस्त को मैसूरु शहर में लॉन्च की जाएगी। कार्यक्रम में मांड्या, मैसूरु, हासन, चामराजनगर और कूर्ग जिलों के लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि लॉन्च कार्यक्रम में 1 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। इसमें सांसद राहुल गांधी और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी भाग लेंगे। खड़गे इस योजना का उद्घाटन करेंगे और मैं राहुल गांधी की उपस्थिति में समारोह की अध्यक्षता करूंगा। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि यह देश का एक बड़ा प्रोजेक्ट है।

एक साल के लिए सरकार 32,000 करोड़ और इस साल के लिए सरकार 18,000 करोड़ रुपये का खर्च कर रही है। इसके तहत 1.33 करोड़ परिवारों की महिला मुखियाओं को 2,000 रुपये मासिक भत्ता मिलेगा। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि गारंटी योजनाओं के लागू होने से हर परिवार के हाथ में 4,000 रुपए से 5,000 रुपए आएंगे।

---

रोजगार मेले में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री तोमर, कहा-

# रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं युवा



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि युवाओं को सरकारी नौकरी से आगे बढ़कर सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं के माध्यम से रोजगार के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने घोषणा की थी कि हम इस वर्ष 10 लाख युवाओं को शासकीय रोजगार से जोड़ेंगे, प्रसन्नता है कि अभी तक करीब 5 लाख युवाओं को रोजगार मिल चुका है। वह सशस्त्र सीमा बल अकादमी द्वारा बैरागढ़ भोपाल में आयोजित रोजगार मेले में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें यह भी समझने की जरूरत है कि हम जितना अधिकारों के प्रति सजग हैं, उससे थोड़ा ज्यादा दायित्वों के प्रति भी सजग रहें।

### अधिकारों से ज्यादा दायित्वों के प्रति रहें सजग

उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत ऊंची उड़ान भरने की कोशिश करता था, तो लोगों को भरोसा नहीं होता था, लेकिन आज देश की ताकत बढ़ रही है, देश की जनशक्ति भी अपनी प्रामाणिकता सिद्ध कर रही है। जब नेतृत्व विजनरी हो, सक्रिय हो, देश के प्रति समर्पित हो और ऐसे नेतृत्व में देशवासियों को आगे बढ़ाने का जज्बा हो तो परिणाम अच्छे ही आते हैं। कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि तकनीक व जन-धन खातों का कमाल है कि प्रधानमंत्री ने अब तक पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 2.61 लाख करोड़ रुपए की राशि किसानों के खातों में जमा कराई हैं। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों की योजनाओं में 9 वर्षों में डीबीटी के माध्यम से 25 लाख करोड़ रुपए देश की जनता तक शत-प्रतिशत पहुंचे है, न कोई बिचौलिया, न कमीशन एजेंट, यह देश की बड़ी सफलता है। पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए बड़ी-बड़ी बातें नहीं, नीति और नीयत का ठीक होना जरूरी होता है।

कार्यक्रम के दौरान भोपाल में सशस्त्र सीमा बल के निदेशक संजीव शर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, केंद्र व प्रदेश सरकार के अधिकारी व नवनियुक्त कार्मिक मौजूद रहे।

---

# नूंह में 51 लोगों से हुई ब्रजमंडल यात्रा

▪ पुलिस ने मंदिर ले जाकर जलाभिषेक कराया
▪ बाहरी लोगों को प्रवेश नहीं दिया, धारा 144 लागू

**नूंह, एजेंसी।** हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद सर्वजातीय हिंदू महापंचायत और बजरंग दल के आह्वान पर हिंदू संगठनों की पैदल ब्रजमंडल यात्रा नहीं हो सकी। पुलिस नूंह बाइपास से 51 लोगों को पुलिस सिक्योरिटी में 3 गाड़ियों में लाई। उन्होंने पहले नलहरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। फिर गाड़ियों में उन्हें फिरोजपुर झिरका के रास्ते सिंगार स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुंचाया गया। वहां जलाभिषेक के बाद यात्रा का समापन हो गया। हिंदू संगठनों की यात्रा को सरकार और प्रशासन ने पहले ही अनुमति देने से इनकार कर दिया था। नूंह में बाहरी लोगों को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया गया।

### कर्फ्यू जैसा माहौल रहा

सोमवार को नूंह में कद्वर्त्फ्यू जैसा माहौल रहा। यहां के बाजार, स्कूल-कॉलेज सब बंद रहे। धारा 144 लागू कर दी गई थी। इससे पहले नूंह यात्रा में हिस्सा लेने अयोध्या से आए संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज को प्रशासन ने गुरुग्राम सोहना टोल प्लाजा पर रोक दिया। 31 जुलाई को ब्रजमंडल यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें 2 होमगार्ड समेत 6 लोगों की मौत हो गई थी।

### सरकारी कार्यालयों में पसरा रहा सन्नाटा

नूंह जिला प्रशासन ने सोमवार को लोगों को घरों से बाहर निकलने से मना करने पर बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं, सरकारी कार्यालय खुले रहे थे, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। हालांकि सरकारी मेडिकल कॉलेज में जरूर लोग पहुंचे। प्रशासन ने जलाभि षेक यात्रा को लेकर सोमवार को कड़े सुरक्षा इंतजाम किया था। वहीं गांवों में मस्जिदों के माध्यम से लोगों को घरों में रहने को कहा गया था। ऐसे में लोगों ने घरों में ही रहना मुनासिब समझा।

---

# जी-20 शिखर सम्मेलन : ब्रिटेन-अमेरिका समेत बड़े देशों के खुफिया एजेंटों ने डेरा डाला

▪ गगन से धरा तक हर गतिविविध पर सीक्रेट एजेंटों की नजर
▪ 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष सम्मेलन में शिरकत करेंगे

• जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में 9 से 10 सितंबर को होने वाले जी-20 सम्मेलन के लिए देश की सुरक्षा एजेंसियां से लेकर रॉ व आईबी तो चप्पे-चप्पे पर नजर रख ही रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष इसमें शिरकत करेंगे। इसलिए इन तमाम देशों की खुफिया एजेंसियों के सीक्रेट एजेंट भी दिल्ली आ चुके हैं। भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी रॉ सभी खुफिया एजेंटो से तालमेल के लिए नोडल एजेंसी का काम रही है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार संभाल रहे कमान

बताया जा रहा है कि नेशनल सिक्युरिटी एडवाइजर खुद जी-20 सुरक्षा व्यवस्था की पूरी कमान संभल रहें है। बता दें कि अगले महीने 8 से 10 सितंबर तक जी-20 समिट को देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था के इतने कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं कि 28 जनवरी और 15 अगस्त को किए जाने वाले सुरक्षा इंतजाम भी फीके पड़ जाएं। जी-20 समिट में आने वाले राष्ट्राध्यक्षों की सुरक्षा के लिए उन देशों की सुरक्षा एजेंसियां भी भारत आने लगी है। जानकारी के मुताबिक आईबी और रॉ में एक खास डेस्क बनाया गया है जो अमेरिका की सीआईए, ब्रिटेन की एमआई-6 और चीन की एमएसएस एजेंसियों के भारत में आए एजेंटों से सूचनाओं को आदान प्रदान व सुरक्षा के तालमेल के लिए नोडल एजेंसी का काम कर रही है। दिल्ली के जिन होटलों में जी-20 मेम्बर देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री रुकेंगे उन होटलों की सुरक्षा के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल तक आने जाने वाले सभी रास्तों की जानकारियां भी इन देशों की सुरक्षा एजेंसियों के साथ शेयर की जा रही है जिससे आपसी सहयोग के जरिये सुरक्षा के बेहतर इंतज़ाम किये जा सके।

### सुरक्षा बलों के साथ कई दौर की बैठक हुई

सूत्रों के मुताबिक जी-20 सम्मेलन की सुरक्षा को लेकर आईबी दिल्ली पुलिस, नेशनल सिक्युरिटी गॉर्ड, अर्धसैनिक बलों के साथ साथ सेना के अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठक हो चुकी है। जबकि रॉ विदेश एजेंटों से तालमेल स्थापित करने का काम कर रही है। बॉक्स भारतीय सेना भी जमीन से लेकर आसमान पर रखेगी नजर रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सम्मेलन के दौरान एयरफोर्स और भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर लगातार दिल्ली के आसमान गश्त करेंगे। इन हेलिकॉप्टर में सेना और एनएसजी के कमांडो हर वक्त मौजूद रहेंगें। एनएसजी ड्रोन हमले के खतरे को देखते हुए कई जगहों पर एन्टी-ड्रोन सिस्टम लगा रही है, जिससे दुश्मन के किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सके। साथ ही दिल्ली की हाई राइज बिल्डिंगों पर एनएसजी और सेना के स्नाइपर तैनात होंगे।

## सार समाचार

### सांसद प्रतिनिधि सचिन ने बमोरी से पेश की दावेदारी, सांसद यादव ने भी लगाई मोहर



**गुना, देशबन्धु।** जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे दावेदार और उनके समर्थक अपने प्रत्याशी की आवाज उठाने लगे। ताजा मामला बमोरी विधानसभा में दावेदारी को लेकर आया है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खासा समर्थक पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया की इस विधानसभा सीट पर क्षेत्रीय सांसद केपी यादव ने अपने समर्थक सचिन शर्मा को पार्टी से टिकट दिलाने ताल ठोंकी है। वहीं सांसद प्रतिनिधि सचिन शर्मा ने भी अपने समर्थकों से नारेबाजी कराकर टिकट के लिए दावेदारी पेश की है। जिस पर सांसद केपी यादव ने मोहर लगाते हुए कहा कि भाजपा हमेशा युवाओं को मौका देती है। पार्टी को जरूर सचिन जैसे युवाओं को मौका देना चाहिए। दरअसल जिले की विधानसभा बमोरी से वर्तमान में महेंद्र सिंह सिसोदिया दावेदार हैं। अब इस सीट से सांसद प्रतिनिधि सचिन शर्मा एवं उनके समर्थकों ने हनुमान चौराहे पर आयोजित सांसद के स्वागत कार्यक्रम के दौरान नारेबाजी कर दावेदारी पेश की।

### नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन व नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



**गुना, देशबन्धु।** स्व: गिरधर शर्मा की छठवीं पुण्य स्मृति पर अंधत्व निवारण समिति, मानस भवन निर्माण एवं संचालन सेवा समिति के सहयोग से मानस भवन में नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्व. शर्मा के भाई श्यामबाबू शर्मा, मुरारी शर्मा, गोपालदास शर्मा, पवन शर्मा, दीपक शर्मा, मनोज शर्मा द्वारा चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लायंस नेत्र चिकित्सालय के चेयरमेन आलोक अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश सिंघल, सचिव मदन सोनी, कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, निकलंक जैन, अमरजीत सलूजा, सुनील जैन, सुनील अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, भगवत अग्रवाल, प्रदीप श्रीवास्तव, अनिल अग्रवाल, अतुल कौशल, अश्विनी गौतम, शांतनु गौतम एवं समस्त अस्पताल स्टाफ द्वारा स्व० श्री शर्मा को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में 162 मरीजों का परीक्षण कर 26 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चयन किया गया। जिनके ऑपरेशन निःशुल्क किए गए।

### सांसद यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# फिर पटरी पर दौड़ी गुना-बीना पैंसेजर




**▸ मुंगावली तक किया सफर**

**गुना, देशबन्धु।** कोरोना काल में बंद हुई गुना की लाईफ लाईन कही जाने वाली गुना-बीना, बीना-गुना पैसेंजर ट्रेन एक बार फिर पटरी पर दौड़ी है। सोमवार को क्षेत्रीय सांसद केपी यादव ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर न सिर्फ ट्रेन रवाना की, बल्कि गुना से बैठकर मुंगावली तक सफर भी किया। इस दौरान गुना विधायक गोपीलाल जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, सांसद प्रतिनिधिद्वय सचिन शर्मा, रमेश मालवीय के अलावा भाजपा नेता रविन्द्र रघुवंशी आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रेलवे द्वारा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें संबोधित करते हुए सांसद केपी यादव ने क्षेत्र वासियों की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी का आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि गुना-बीना के बीच में कोरोना काल से पूर्व चलने वाली गुना- बीना पैसेंजर ट्रेन कोरोना कल से बंद थी। जिसके लिए क्षेत्र में कई बार जनता द्वारा आवाज उठाई गई। इस आवाज को सार्थकता प्रदान की क्षेत्र के सांसद डॉक्टर के पी यादव ने। क्षेत्रीय सांसद ने बार-बार रेल मंत्रालय तथा संसद में इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया। अभी पिछले दिनों रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी से सांसद डॉ केपी यादव ने भेंट करके मेमू ट्रेन की शीघ्र मांग की थी। जिसके परिणाम स्वरूप आज इस ट्रेन को विधिवत स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

इस मौके पर सांसद श्री यादव ने कहा कि मेरे द्वारा जनता की परेशानी को देखते हुए कई बार रेल मंत्रालय तथा रेलवे की बैठकों में इस विषय को उठाया गया है। जिसका मुझे आश्वासन भी प्राप्त हुआ था। लेकिन अब रेल मंत्रालय द्वारा इस सौगात को मूर्त रूप प्रदान किया गया है। यह ट्रेन क्षेत्र की जनता के लिए लाइफ लाइन का कार्य करेगी। जिससे आने वाले समय में लोगों की परेशानियां दूर होगी।

### फिजिकल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए किया प्रेरित

**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के मार्गदर्शन में तहसीलदार गुना ग्रामीण एवं शहरी द्वारा मतदाता जागरूक अभियान जारी है। इसी क्रम में आज परेड ग्राउंड में आरक्षक, सब-इंस्पेक्टर एवं सेना भर्ती हेतु आगामी परीक्षाओं की तैयारी को दृष्टिगत रखते हुए 250 ऐसे युवा जो प्रशिक्षक से फिजीकल प्रशिक्षण पास कर रहे हैं, उन सभी युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए संवाद किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 250 युवाओं में से 50 युवाओं के नाम मतदाता सूची में नही हैं, सभी नये मतदातों को बीएलओ के साथ वोटर हेल्पलाईन पोर्टल, एनव्हीएसपी, व्हीपी आदि माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए तहसीलदार गुना शहरी गौरीशंकर बैरवा एवं एईआरओ गुना ग्रामीण कमल मंडेलिया द्वारा संयुक्त रूप से प्रेरित किया गया।

**राघौगढ़ के मतदाताओं को नाम जोड़ने के संबंध में दी जानकारी :** इसी क्रम में शासकीय उत्कृष्ट उमावि राघोगढ़ में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत प्रचार-प्रसार हेतु मतदाता जागरूकता नारे लगवाए गए एवं मतदाता जोड़ने संबंधी जानकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में बीईओ एवं शासकीय उत्कृष्ट उमावि के प्राचार्य सुरेश चंद आर्य, राजेंद्र सिंह चौहान बीआरसीसी, अरविंद ओझा जन शिक्षक एवं आमजन शामिल रहे।

### समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

## लाड़ली बहना योजना की आपत्तियों का तत्काल निराकरण हो



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिपं सीईओ प्रथम कौशिक सहित समस्त एसडीएम एवं समस्त जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम समय-सीमा बैठक से संबंधित पत्रों की विभागवार समीक्षा की गयी और संबंधित विभागों को समय सीमा में शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों में पेंशन के लंबित प्रकरण जिनका अनुमोदन कोष एवं लेखा ग्वालियर से होना है, ऐसे प्रकरणों के लिए जिला स्तर पर उन्हें बुलाकर कैंप आयोजित कराने के निर्देश जिला पेंशन अधिकारी को दिये गये। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले में कितने छात्रावास हैं और उनमें कितने छात्रों के प्रवेश की क्षमता है, वर्तमान में कितना प्रवेश हुआ है, इन सभी की जानकारी उपलब्ध करायी जाये। इस माह आदिम जाति कल्याण विभाग की सीएम हेल्प लाईन में ''डी'' ग्रेडिंग आयी है, जिस पर अप्रसन्नता व्यक्त की और ग्रेडिंग में

सुधार के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सीएम निवास एवं सीएम मॉनिट तथा विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों का निराकरण प्राथमिता से करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार प्रभारी मंत्री से संबंधित पत्रों का जवाब जिन विभागों ने अधूरा दिया है, वह संबंधित विभाग आज शाम तक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पूर्ण जवाब फीड कराना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में चर्चा की गयी तथा विधानसभा चुनाव से संबंधित कर्मचारियों का डाटा अपडेट कराने के संबंध में भी निर्देश दिये गये। जिन सहरिया समुदाय को आहार अनुदान दिया जाना है, उससे संबंधित लंबित ई-केवायसी शीघ्र कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनांतर्गत अंतिम तिथि के बाद जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनसे संबंधित आपत्तियां प्राप्त हुयी हैं, उनका निराकरण सभी नगरीय एवं ग्रामीण निकाय तत्काल कराना सुनिश्चित करें।

## प्रथम स्थान पर रहा ग्वालियर

**▸ राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन**




**गुना, देशबन्धु।** 67वीं राज्य स्तरीय शालेय जूडो़ खेल प्रतियोगिता का समापन सोमवार को उत्कृष्ट स्कूल प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का समापन जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ के आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिले में 67वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा अंडर 19 बालक-बालिका जूडो प्रतियोगिता का उद्धघाटन समारोह शुक्रवार को विधायक गोपीलाल जाटव के आतिथ्य में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में गुना में किया गया था। जिसका समापन आज उत्कृष्ट विद्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ के आतिथ्य में प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें 6 गोल्ड मेडल सहित कुल 15 मेडल प्राप्त कर ग्वालियर प्रथम, 5 गोल्ड मेडल

सहित कुल 15 मेडल प्राप्त कर भोपाल द्वितीय तथा 4 गोल्ड सहित कुल 12 मेडल प्राप्त कर जबलपुर संभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर भाजपा नेता विकास जैन सहित डीईओ चंद्रशेखर सिसोदिया, जिला क्रीडा अधिकारी डीएस धुर्वे, सहायक संचालक राजेश गोयल, जुड़ा एसोसियेशन के सचिव सुनील शर्मा, प्राचार्य उत्कृष्ट आसिफ खान, जिला

क्रीडा अधिकारी सुरेंद्र परिहार सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं सभी खिलाडी विशेष रूप से उपस्थित रहे। गौरव प्रताप सिंह चौहान ( जूडो कोच गुना नोडल सेंटर) ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 9 संभाग के कोच एवं खिलाडियों सहित 190 खिलाडियों ने भाग लिया। जिसमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सागर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं जनजातीय विभाग के छात्र छात्राएं शामिल रहे।

## कलमबंद हड़ताल पर गए पटवारी, सौंपे बस्ते

**गुना, देशबन्धु।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत जिलेभर के पटवारी सोमवार को सामूहिक कलमबंद हड़ताल पर चले गए। इस मौके पर उन्होंने अपने-अपने हल्कों के बस्ते वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपे। इसके पूर्व पटवारी तीन दिनों तक सामूहिक अवकाश पर रहे थे। पटवारियों की हड़ताल के चलते तहसील से लेकर अन्य जगह खासा कामकाज प्रभावित होने लगा है। पटवारी पिछले 25 सालों से वेतन में वृद्धि न होने से प्रदेश सरकार से नाराज हैं।

इसके पूर्व सोमवार को तहसील कार्यालय में पटवारियों ने अपना-अपना बस्ता जमा कर हड़ताल की शुरुआत कर दी है। वहीं पटवारियों के हड़ताल पर जाने से तहसील सहित विभिन्न कार्यालयों में होने वाले कार्यों में देरी होगी। इन कार्यों में मुख्य रूप से प्रमाण पत्र और नामांतरण का कार्य बाधित होगा। हालांकि, शासन का दावा है कि इन कार्यों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। वहीं मांगों को लेकर पटवारियों का कहना है कि साल 1998 में निर्धारित किए गए वेतनमान के अनुसार ही वर्तमान वर्ष 2023 में वेतन दिया जा रहा है। विगत 25 वर्ष में प्रदेश के पटवारियों के वेतनमान में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इस बात से सभी पटवारी सरकार से नाराज हैं। इनका कहना है कि उनके सेवाकाल में कार्य लेने वाले राजस्व विभाग एवं उसकी पद स्थापना वाले भू-अभिलेख विभाग के सभी पदोन्नत पदों (राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख) के वेतनमान में कई बार वृद्धि की गई।

## वैष्णव बैरागी समाज ने आशीष का किया स्वागत



**आष्टा, देशबन्धु।** नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर नवनियुक्त नगरपालिका अधिकारी, कर्मचारी संघ का अध्यक्ष आशीष बैरागी को मनोनीत किए जाने पर वैष्णव बैरागी समाज तहसील अध्यक्ष निर्मल बैरागी के नेतृत्व में पुष्पमाला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. स्वागत करने वालों में वैष्णव बैरागी समाज संरक्षक कमल बैरागी, कुसमानिया मण्डल संरक्षक विष्णुदास बैरागी, पुजारी संघ अध्यक्ष रामदास बैरागी, सहसचिव बृजमोहन बैरागी, उपाध्यक्ष मुकेश बैरागी, नगर उपाध्यक्ष मनोहर बैरागी, संरक्षक दुर्गादास बैरागी, महासचिव राकेश बैरागी, उपाध्यक्ष रघुनंदन बैरागी, भागवताचार्य कन्हैया बैरागी, मीडिया प्रभारी कपिल बैरागी, नगर उपाध्यक्ष विष्णु बैरागी, संरक्षक मांगीलाल बैरागी, संतोष वैष्णव, नगर उपाध्यक्ष रवीन्द्र वैष्णव शामिल थे।

## अतिक्रमण दस्ते ने ठेले वालों को खदेड़ा



**आष्टा, देशबन्धु।** सावन माह के पवित्र माह के अंतिम सोमवार को भोले बाबा की सवारी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेगी। पवित्र पालकी के साथ विशाल झांकियां आकर्षण का केन्द्र होगी। हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने पालकी मार्ग के अवरोध हटाने हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना से अनुरोध किया था। सीएमओ ने अतिक्रमण प्रभारी अजय द्विवेदी को पूरे पालकी मार्ग का भ्रमण कर सभी अवरोध हटाकर रास्ता साफ कराने का निर्देश दिया था।अतिक्रमण प्रभारी अजय द्विवेदी अपने दस्ते के साथ ट्राफिक पुलिस कमलेश राय, जितेन्द्र कुमार सोनी, प्रधान आरक्षकगण के साथ पैदल पूरे मार्ग का भ्रमण किया। इस दौरान मार्ग के किनारे रखे हुए दुकानों के साईन बोर्ड हटवाए, निर्माण सामग्री हटाने के निर्देश दिए। जिन दुकानदारों द्वारा मार्ग के ऊपर रस्सी से तिरपाल आदि लगाई हुई थी, उनको शीघ्र हटाने का अनुरोध किया तथा मौके पर ही दस्ते ने काटकर रास्ते के ऊपर हटा दिया। सीएमओ राजेश सक्सेना व अतिक्रमण प्रभारी श्री द्विवेदी ने सवारी के लिए मार्ग साफ करने के लिए सभी दुकानदारों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। इस कार्य में समयपाल आकाश चौहान, संजय शर्मा, रोहित वर्मा, सुरेन्द्र के दस्ते ने कार्यवाही में भाग लिया। अंत में अस्पताल चौराहे के रास्ते को जाम करने वाले हाथ ठेले वालों का आज पुन: सख्ती से हटाया तथा अबकी बार यहां खड़े मिले तो ठेला जब्त करने की हिदायत दी। सिविल अस्पताल प्रबंधन को चाहिए कि अपने गार्ड की गेट पर इस कार्य हेतु ड्यूटी लगा दे, जिससे रोज हाथ ठेले वालों को स्पाट पर खडे ही नही होने दिया जाए।

### पहले छुट्टी पर, फिर ज्ञापन और अब सौंपे बस्ते



**आष्टा, देशबन्धु।** मप्र पटवारी संघ के आव्हान पर स्थानीय आष्टा एवं जावर में हस्ताक्षर कर एक ज्ञापन एसडीएम के नाम तसीलदार को दिया। वही साथस में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाकर अपना बस्ता जमा कर दिया। जावर एवं आष्टा मे 71 पटवारी है जो आज से अनिश्चतकालीन हड़ताल पर चले गए। उन्होने 28 अगस्त को तहसीलदार को बस्ता जमा किया। आष्टा के अध्यक्ष जयप्रकाश मेवाड़ा और जावर अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर द्वारा बताया गया कि 23 से 25 अगस्त तक सामूहिक अवकाश रहे । 26 अगस्त को भोपाल मे तिरंगा यात्रा निकालकर शासन से पटवारी की मांग को मंजूर करने को लेकर ज्ञापन दिया । उसके बाद भी आज तक मांगो को मंजूर नही किया। पटवारी संघ की मांग है कि वेतनमान 2800 रूपये किया जाए। उसके साथ ही यात्रा भत्ता स्टेशनरी भत्ता साथ मे अतिरिक्त हलके का भत्ता बढ़ाया जाए । बस्ता सौपने मे उपस्थित लोगो मे अध्यक्ष जयप्रकाश मेवाड़ा,जावर अध्यक्ष जितेद्र ठाकुर,योगेंद्र तिवारी मनोज बाथम बलराम रजक,जावेद अख्तर गुलाब सिंह ,जीवनसिंह मेवाड़ा महिपाल, नरेद्र जायसवाल,राजेंद्र मेवाड़ा,शुभम वर्मा,ज्योति ठाकुर,शालिनी तिवारी, वसुंधरा वर्मा,सुनील मेवाड़ा,सुनीता सिंह सहित बड़ी तादाद मे पटवारीगण मौजूद थे।

## मिलावटखोरों के खिलाफ कांग्रेस ने की कार्रवाई की मांग



**सीहोर, देशबन्धु।** आगामी रक्षा बंधन सहित त्योहारों के मद्देनजर खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले व्यापारियों द्वारा खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। सोमवार को बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने शहर के तहसील चौराहे के पास एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर जिला प्रशासन के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

इसको लेकर सोमवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश भूरा यादव सहित अन्य कांग्रेसजनों ने आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन से अधिकारियों की टीम बनाकर छापामारी अभियान चलाकर सेहत से खिलवाड़ करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

इस संबंध में प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री हरीश आर्य ने बताया कि दालें, अनाज, दूध, मसाले, घी से लेकर सब्जी व फल तक कोई भी खाद्य पदार्थ मिलावट से अछूता नहीं है। आज मिलावट का सबसे अधिक कुप्रभाव हमारी रोजमर्रा के जीवन में प्रयोग होने वाली जरूरत की वस्तुओं पर ही पड़ रहा है। शरीर के पोषण के लिए हमें खाद्य पदार्थों की प्रतिदिन आवश्यकता होती है। शरीर को स्वस्थ रखने हेतु प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन तथा खनिज लवण आदि की पर्याप्त मात्रा को आहार में शामिल करना आवश्यक है तथा ये सभी पोषक तत्व संतुलित आहार से ही प्राप्त किये जा सकते हैं। यह तभी संभव है, जब बाजार में मिलने वाली खाद्य सामग्री, दालें, अनाज, दुग्ध उत्पाद, मसाले, तेल इत्यादि मिलावटरहित हों। खाद्य अपमिश्रण से उत्पाद की गुणवत्ता काफी कम हो जाती है।

खाद्य पदार्थों में सस्ते रंजक इत्यादि की। मिलावट करने से उत्पाद तो आकर्षक दिखने लगता है, परंतु पोषकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे ये स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। कांग्रेसजनों ने कहा कि पर्व नजदीक है और ऐसे में मिठाई में मिलावटी मावे का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है। इसको रोका जाए और इस कार्य में रत व्यापारियों पर कार्रवाई हो। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओम वर्मा, औंकार यादव, प्रीतम चोरसिया, सीताराम भारती, हरीश आर्य, प्रदेश सचिव हर्षदीप, अजहर सईद, अशफाक खां, भगत तोमर, कमलेश चांडक, प्रेमबन्धु शर्मा, नावेद खान, सईद लाला मंसूरी, अनीस कुरेशी, मुन्ने मियां, अरुण राय, तारा चन्द यादव, ओम बाबा, महेश राठौर, अशरफ अली आदि शामिल थे।

## रक्षा बंधन के पूर्व अग्रिम वेतन का तोहफा, कर्मचारियों ने किया नपाध्यक्ष का सम्मान

*सीहोर, देशबन्धु। रक्षाबंधन का पर्व नजदीक है। ऐसे में कर्मचारी चाहते हैं कि पर्व से पहले उन्हें वेतन मिल जाए ताकि वे पर्व के लिए खरीदारी कर सके। इसको ध्यान में रखते हुए नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने रक्षा बंधन के पूर्व ही अग्रिम वेतन का तौहफा दिया है। इस मौके पर रक्षा बंधन पूर्व समस्त दैनिक वेतन भोगी एवं स्थायी कर्मियों का वेतन दिये जाने पर मध्य प्रदेश कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी एवं स्थाई कर्मी महासंघ और अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन आदि ने नपाध्यक्ष श्री राठौर का सोमवार को स्वागत और सम्मान किया।*

*अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के जिलाध्यक्ष छुट्टन चावरिया के द्वारा अपने साथियों के साथ कई समय से छ: सूत्रीय मांग की जा रही थी कि रक्षाबंधन त्योहार के पूर्व वेतन भुगतान किया जावे एवं त्योहार अग्रीम 10 हजार रूपये भुगतान किया जावे। वेतन 1 से 5 के बीच दिया जावे और यदि इसी बीच शनिवार/रविवार आता है तो 2 या 3 तारिख को वेतन दिया जावे। रविवार का फुल अवकाश जो कि विभाग वालों को 8 अवकाश मिलते हैं और कोई त्योहार आता है तो भी अवकाश मिलता है, परन्तु सफाई कर्मचारियों को इसका लाभ नही दिया जाता है। मंगलवार को हाफ दिन का अवकाश दिया जावे। विनियमित कर्मचारी जिनकी ड्यूटी के दौरान मृत्यु हुई है, उनके परिवार जनों को कार्य पर रखा जावे। गैंग के 30 सफाई कर्मचारी एवं घर-घर से कचरा एकत्रित करने वाले ट्रीपल चालक जिनके द्वारा कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डाल कर काम किया है, उन्हें मस्टर पर किया जाये। सीहोर नगर के क्षेत्रफल/आबादी को देखते हुए अतिरिक्त 200 सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जावे। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा उक्त मांगों को संज्ञान में लेते हुए रक्षा बन्धन त्यौहार के पूर्व सफाई कर्मचारियों को वेतन का भुगतान कर दिया गया। साथ ही आश्वस्त किया गया कि विनियमित कर्मचारी जिनकी ड्यूटी के दौरान मृत्यु हुई है, उनके परिवार जनों को कार्य पर रखा जावेगा और बाकि मांगों का भी शीघ्र निराकरण किया जावेगा। इस अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष छुट्टन चावरिया ने अपने साथियों के साथ नगर पालिका पहुंचकर नपाध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर का पुष्पहारों से सम्मान किया गया एवं उपस्थित पार्षदगणों में सभापति मुकेश मेवाड़ा, मंगु मालवीय, राजेश मांझी, घनश्याम यादव, कमलेश कुशवाह का भी स्वागत किया गया एवं मुख्य नपा अधिकारी भूपेन्द्र कुमार दिक्षित का भी आभार व्यक्त किया गया।*



*सम्मान करने वालों में प्रमुख रूप से छुट्टन चावरिया, अन्ना नरवारे, राजेश अंसारी, मुकेश चावरिया,उपाध्यक्ष संजय बोयत, सीताराम भेरवे, सोनू दिसावरी, मोन्टी गोहर, मोहन कटारिया, शंकर ऊंटवाल, अरूण चावरिया, शैलेन्द्र दिसावरी, राजकुमार खरे, राकेश बीलवान, सोनू दिसावरी, अल्फेस कल्याणे, रवि कछवाय, संतोष गोहर, नीरज दिसावरी, बंकट खरे,महेश बोयत, देवकरण धुलिये,अनिल चावरिया, राहुल भेरवे,अजय खरे, कैलाश तेजी,विकेश भेरवे,जीवन बोयत, लोकेश चावरिया, प्रकाश तेजी,नीरज खरे, सुरेश तेजी,ओम प्रकाश, सुनील तेजी,विकास बोयत, संतोष तेजी,नितिन बाली, चन्दन तेजी,संजु चावरिया, अनिल गोहर,विनोद चावरिया, करण कछवाय,विजय चावरिया,भारत गोहर, बबलु तेजी, कमलेश अंसारी आदि उपस्थित रहे।*

# पटवारियों ने मांगों को लेकर शुरू की कलमबंद हड़ताल




**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के 19 हजार पटवारियों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल पर जाने से पहले इन्होंने राजधानी भोपाल सहित सभी जिलों के तहसील कार्यालयों में पहुंचकर अपने-अपने अभिलेख जमा कराए।

दरअसल मध्यप्रदेश के पटवारी अपनी मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन के पहले चरण में 21 अगस्त से यह सभी सरकारी व्हाटाअप समूह से विरक्त हो गए थे और ऑनलाइन काम का बहिष्कार किया था। दूसरे चरण में 23 से 25 अगस्त तक तीन दिन तक सामूहिक अवकाश पर रहे। 26 अगस्त को भोपाल में अटल पथ पर तिरंगा यात्रा निकाली थी, लेकिन सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो वह सोमवार से सामूहिक हड़ताल पर चले गए हैं। पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से महत्वपूर्ण काम अटक गए हैं। पटवारी संघ का कहना है कि वह लगभग 25 साल से ग्रेड पे और पदोन्नति की मांग कर रहा है, लेकिन हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## राजस्व निरीक्षक को सौंपा काम

इधर पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से तहसीलों में नामांतरण, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निर्वाचन के कार्य, फसल गिरदावरी, पीएम-सीएम भुगतान और पुलिस के साथ घटना स्थल पर पंचनामा बनाना आदि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में राजधानी सहित सभी जिलों में कलेक्टरों ने पटवारियों का काम राजस्व निरीक्षक को सौंपा है, जिससे किसान और आमजन को कोई परेशानी न हो।

## टैक्सी चालकों ने आरटीओ के बाहर किया प्रदर्शन

**भोपाल, देशबन्धु।** शहर के सैंकड़ों टैक्सी चालकों ने ओला ऊबर में लगातार बढ़ रहे कमीशन और पैनिक बटन नही लगवाने के विरोध में सोमवार दोपहर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के बाहर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन करीब तीन घंटे तक किया जाएगा। बाद में इन चालकों ने परिवहन निरीक्षक भारती वर्मा को ज्ञापन भी सौंपा। टैक्सी यूनियन कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष नफीस उद्दीन ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील सिंह चौहान की मौजूदगी में हमने अपनी मांगों को परिवहन विभाग के समक्ष रखा है।

## चयनित शिक्षकों ने भाजपा कार्यालय पर दिया धरना



**भोपाल, देशबन्धु।** शिक्षक पात्रता परीक्षा में चयनित होने के बाद भी 882 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नहीं मिले हैं, जबकि इन सभी अभ्यर्थियों की नियुक्ति 21 अगस्त को होनी थी। ऐसे में इन अभ्यर्थियों ने नियुक्ति नहीं होने का विरोध करते हुए सोमवार को भाजपा कार्यालय के सामने धरना दिया। इस बारे में जानकारी देते हुए नितिन गायकवड़ ने बताया कि प्रदेश की सरकारी व्यवस्था ने प्राथमिक शिक्षकों को चयनित कर जिले आवंटित कर दिए गए हैं। स्कूल भी इनसे चयन करवा लिए गए लेकिन नियुक्ति पत्र के लिए मंत्रियों के चक्कर लगाने को दर दर भटकने को मजबूर कर दिया है। प्राथमिक शिक्षक वर्ग 3 की द्वितीय काउंसिलिंग में चयनित शिक्षकों में जिन 882 ओबीसी वर्ग के नियुक्ति पत्र रोक लिए गए हैं उनकी लगातार अपने नियुक्ति पत्र अतिशीघ्र जारी करने की मांग को लेकर लोक शिक्षण के सामने प्रदर्शन नियमित रूप से चल रहा हैं । इसी कड़ी में हम आज भजपा कार्यालय पहुंचे। वहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा हमसे मिले और अपनी मांग उनके समक्ष रखी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह मुख्यमंत्री से मिलेंगे। उल्लेखनीय है कि यह अभ्यर्थी इससे पहले इस संबंध में भी मुख्यमंत्री निवास औरभाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर चुके हैं। इस दौरान कुछ तो अपने बच्चों को लेकर अलग-अलग जिलों से भोपाल पहुंचे थे।

## पिछड़ा वर्ग के 2 सौ युवाओं को जापान में दिया जायेगा रोजगार

**भोपाल, देशबन्धु।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने प्रदेश के युवाओं को जापान में रोजगार दिलाने के मकसद से एक अभिनव योजना प्रारंभ की है। इसके तहत वर्ष 2023-24 में 2 सौ युवाओं को प्रशिक्षण दिलाये जाने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। प्रशिक्षण के बाद इन युवाओं को जापान में रोजगार दिलाया जायेगा। योजना के लिये इस वर्ष विभाग द्वारा 2 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है। पिछड़ा वर्ग के चयनित युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान जापानी भाषा सिखाने के लिये भोपाल में विशेषज्ञ की मदद ली जा रही है। प्रशिक्षण के बाद युवाओं को जापान में गारंटी के साथ हेल्थ केयर और निर्माण क्षेत्र में रोजगार दिलाया जायेगा।

## राष्ट्रिय समूह गान प्रतियोगिता : नवनिध विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** भारत विकास परिषद संत हिरदाराम नगर शाखा द्वारा गत दिवस राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता संस्कार स्कूल में आयोजित की गई, जिसमें संत हिरदाराम नगर के 8 विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। सभी ने राष्ट्रभक्ति से सराबोर गीत संगीत के साथ प्रस्तुत किए, जिसमें नवनिध हासोमल लखानी विद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान , मुकिता इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने द्वितीय स्थान और दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल के बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परिषद के प्रचार प्रमुख राजेश बेलानी ने बताया के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी सुशील वासवानी थे एवं अध्यक्षता कर्नल नारायण पारवानी द्वारा की गई। श्री वासवानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में राष्ट्र भावना जागृत होती है जो देश के लिए बहुत आवश्यक है। कर्नल नारायण पारवानी ने कहा कि जिस प्रकार सेना में साहस और देश प्रेम की भावना रहती है, वैसे ही नई पीढ़ी में ऐसे भाव भरना चाहिए। कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष कमल प्रेमचन्दानी ने परिषद की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और बताया कि तीन सितंबर को भारत को जानो प्रतियोगिता होगी। इसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 5 सौ विद्यार्थी भारत विकास परिषद की भारत को जानो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन मोहित शेवानी आभार सांस्कृतिक सचिव गुलाब जेठानी द्वारा व्यक्त किया गया।

# मकान में लगी भीषण आग से लाखों का सामान जलकर हुआ ख़ाक

## आग के बीच फंसे वृद्ध की तबीयत बिगड़ी

### सिलेंडर जलने से इलाके में फैल गई थी दहशत



**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी नगर इलाके की एक कॉलोनी में एक मकान में सोमवार शाम भीषण आग लग गई। आग के कारण घर में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर ख़ाक हो गया। इस बीच घर में रखे रसोई गैस के सिलेंडर में आग लगने के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। हालांकि दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया और आग के बीच फंसे एक वृद्ध को बचा लिया। हालांकि धुएं के कारण उनकी हालत बिगड़ गई है। लिहाजा उन्हें अस्पताल में भरती कराया गया है। आग लगने के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एग्जाटिका कॉलोनी में कवीता रायकवार का मकान है। सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वे और उनके पिता घर में थे। तभी अचानक घर के एक कमरे में आग लग गई। इससे आग के बीच उनके पिता फंस गए। चूंकि स्वयं को बचाने के लिए उन्होंने एक कमरे में अपने आप को बंद कर लिया था। इससे धुएं के कारण उनकी हालत बिगड़ गई। आग की लपटों को देखकर स्थानीय रहवासियों ने फायर स्टेशन को सूचना दी थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ी जनहानी होने बच गई। बताया गया है कि आग की चपेट में घर में रखे दो रसोई गैस के सिलेंडर भी आ गए थे। सिलेंडर में आग लगने के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। हालांकि दमकल कर्मियों ने जलते सिलेंडरों पर भी काबू पा लिया। वहीं आग की सूचना पर गांधी नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। प्रधान आरक्षक शिव बिहारी लाल ने बताया कि कवीता पिता को लेकर अस्पताल चली गई थी। लिहाजा आग में होने वाले नुकसान का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन घर का पूरा सामान जलकर ख़ाक हो गया है।

## आलू उबालते समय झुलसी महिला ने तोड़ा दम, सास की हालत गंभीर

**भोपाल, देशबन्धु।** अशोका गार्डन इलाके में रहने वाली महिला आलू उबालते समय अचानक स्टोव भभगने से गंभीर रूप से झुलस गई थी। उसे बचाने के प्रयास में महिला की बूढ़ी सास भी झुलस गई थी। दोनों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां सोमवार तड़के इलाज के दौरान बहू ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मालती बाई पति जीवन चौरे उम्र 42वर्ष निवासी सुभाष कॉलोनी इंडस्ट्रियल एरिया गृहणी थीं। उनके पति फुलकी का ठेला लगाते हैं। जिसके लिए वह हर रोज घर में स्टोव आलू उबाला करती थीं। गत गुरुवार सुबह आलू उबाल रही थीं। इस समय उनकी सास चिरोंजिया बाई और वह ही घर में मौजूद थीं। इसी बीच अचानक स्टोव भभगने के कारण मालती की साड़ी में आग लग गई। बहू को झुलसता देख सास ने उसे बचाने का प्रयास किया। इससे वह भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं। वहीं झुग्गी का कुछ सामान भी आग की चपेट में आने से जलकर खाक हो गया। मालती और उनकी सास की चीख पुकार की आवाजें सुनकर आस-पास के लोग मदद के लिए आए। इन्होंने किसी तरह से आग पर काबू पाया और दोनों को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर रूप से आग में झुलसी मालती ने सोमवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि सास की हालत भी नाजुक बनी हुई है।

### बेटा गया था काम पर

मृतका के पति जीवन ने बताया कि वे मूल रूप इटारसी के रहने वाले हैं। बीते 18 सालों से भोपाल में रह रहे हैं। जिस झुग्गी में घटना हुई, वहां हम किराए से रहते हैं। घटना के समय इकलौता बेटा 26 वर्षीय प्रियांश चौरे अपने काम पर गया था। उनकी 23 वर्षीय बेटी पूजा चौरे की शादी हो चुकी है।

## कॉलेज स्तर की काउंसलिंग का छठवां चरण प्रारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए ऑनलाइन प्रवेश का कॉलेज स्तर की काउंसलिंग का छठवां चरण सोमवार को प्रारंभ हुआ। आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 15 सितंबर तक किया जा सकेगा।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 की प्रवेश प्रक्रिया में वर्तमान में पांच कॉलेज लेवल काउंसलिंग संचालित की जा चुकी है। इसमें आज से 1 सितंबर तक विद्यार्थी नवीन पंजीयन और सभी विद्यार्थी चॉइस फिलिंग कर सकेंगे। स्नातक प्रथम वर्ष और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी ऑनलाइन दस्तावेजों का सत्यापन 29 अगस्त से 4 सितम्बर 2023 तक कर सकते हैं। प्रावीण्य सूची 6 सितंबर को महाविद्यालय की सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। विद्यार्थी आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान कर आवश्यक होने पर प्रवेश के लिए इच्छित महाविद्यालय में विशेष समूह के अपग्रेडेशन 6 से 12 सितंबर तक कर सकते हैं। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थान गुणानुक्रम के आधार पर शेष आवेदकों को आवंटन पत्र 13 सितंबर को जारी किया जाएगा। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थानों पर आवंटित आवेदकों को महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 13 से 15 सितंबर तक करना होगा।

गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पूरक विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम दो दिवस में घोषित किया जाना है। प्रवेश प्रक्रिया का यह अंतिम चरण होगा, जिसमें पूर्व पंजीकृत आवेदक तथा नवीन आवेदक चॉइस फिलिंग कर सकेंगे और अपनी पसंद के महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकेगें।

## जलवायु सूचना सेवा टूल का लोकार्पण 1 को




**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) द्वारा इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट के सहयोग से भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत मनरेगा कार्यक्रमों के लिए एक जलवायु सूचना सेवा टूल का निर्माण किया गया है। टूल का लोकार्पण 1 सितंबर को मुख्यमंत्री और ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस द्वारा संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री आवास में किया जायेगा। इस अवसर पर ब्रिटिश उच्चायुक्त के साथ विभिन्न देशों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे आगामी परियोजनाओं, संयुक्त कार्यों हेतु मुख्यमंत्री, से चर्चा की जायेगा।

महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने बताया कि टूल जलवायु परिवर्तन की संभावित चुनौतियों का सामना करने में ग्रामीण समुदायों को आवश्यक सहायता प्रदान करता है। यह ग्रामीण परिवारों को स्थानीय जलवायु डेटा को प्राप्त करने और साझा करने की सुविधा प्रदान करने के साथ ही जलवायु संकट का सामना करने में मदद करता हैं और उनकी आजीविका की सुरक्षा के लिए संसाधनों तक पहुँचने की सुविधा प्रदान करता है। यह टूल समुदायो को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जानकारी भी प्रदान करता है।

डॉ. कोठारी ने बताया कि मेपकास्ट परिसर में भोपाल कि वैज्ञानिक एवं तकनीकी संस्थाओं के प्रमुखों के बीच चर्चा एवं कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, युवा आयोग अध्यक्ष डॉ निशांत खरे, नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन अहमदाबाद निदेशक डॉ अरविन्द रानाडे, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सलाहकार डॉ देबप्रिया दत्ता, विभिन्न विभागों के अधिकारी, वैज्ञानिक, कुलपति, जलवायु परिवर्तन से जुडी संस्थाये सम्मिलित होंगे।

## ननि के कर्मचारियों रक्षाबंधन से पहले मिलेगा वेतन

**भोपाल, देशबन्धु।** नगर निगम के कर्मचारियों का अगस्त माह का वेतन रक्षाबंधन से पहले मिलेगा। महापौर मालती राय ने कहा कि वेतन मिलने से कर्मचारी अच्छे से त्योहार मना सकेंगे। दूसरी ओर, रक्षाबंधन के दिन सिटी बसों को महिलाओं के लिए निःशुल्क किया जाएगा। महापौर श्रीमती राय ने बताया कि वेतन के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। पहले यह वेतन 5 सितंबर तक दिया जाना था, लेकिन रक्षाबंधन का त्योहार होने से 7 दिन पहले वेतन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर सिटी बसों में सभी महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा भी दी जाएगी।

## एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय के 2 विद्यार्थियों के शोध का चयन



**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार रोड एलएन आयुर्वद कॉलेज में आयुष एवं सीसीआरएएस द्वारा आयोजित स्टूडेंटशिप प्रोग्राम फॉर आयुर्वेद रिसर्च केन स्पार्क 2022-23 में संपूर्ण भारत वर्ष से शोध कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु शोध प्रस्ताव आमंत्रित किये गये थे, जिसमें संपूर्ण भारत वर्ष से सर्वोत्तम 100 शोध प्रस्ताव को चयनित किया गया। इन 100 चयनित शोध प्रस्ताव में एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों चतुर्थ वर्ष के विशाल वी. सेन एवं द्वितीय वर्ष के करन के. जैन का शोधकार्य चयनित हुआ। विद्यार्थियों ने अपना शोधकार्य शल्यतन्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निर्मला सावरकर एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशुतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में संपन्न किया । शोधकार्य के पूर्ण होने पर आयुष एवं सीसीआरएएस विभाग द्वारा स्टूडेंटशीप एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार अजित सोनी, महाविद्यालय के सचिव डॉ. अनुपन चौकसे, निर्देशक डॉ. विशाल शिवहर एवं प्रधानाचार्य डॉ. सपन जैन उपस्थित थे।

## 'कवि वासदेव ने नए लेखकों का किया मार्गदर्शन'

### पुण्यतिथि पर साहित्यकारों ने किया याद, कवि सम्मेलन में कवियों ने जमाया रंग




**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ साहित्यकार साहित्य अकादमी भारत सरकार के सिंधी भाषा संयोजक रहे सरस्वती सम्मान से विभूषित स्व. वासुदेव मोही की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें भोपाल में याद किया गया। शिवाजी नगर स्थित सिंधु भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्व. मोही के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आदरांजलि दी गई। वहीं वक्ताओं ने उनके बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इनमें नारी लच्छवानी, कन्हैया शेवानी, राजेंद्र मनवाणी ,अशोक मनवाणी शामिल हैं।

वक्ताओं ने बताया कि स्व. मोही ने साहित्य क्षेत्र में कदम रखने वाले युवाओं को उपयोगी मार्गदर्शन दिया। वे गद्य और पद्य की सभी विधाओं में लिखने वालों को उपयोगी टिप्स देते रहते थे। के के बिरला फाउंडेशन का प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान भी मोही साहब को मिला था जो प्रतिवर्ष भारतीय भाषाओं में से किसी एक भाषा के लेखक को प्राप्त होता है।

इस अवसर पर श्री मोही की स्मृति में सिंधी कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया। श्रोताओं ने देर रात तक कवि सम्मेलन का आनंद लिया। सम्मेलन में वरिष्ठ कवि भगवान बाबानी का कविता पाठ आधुनिक युग में लोक व्यवहार में आ रहे परिवर्तन को बयां करता था। कवि ओपी टहलियानी पखी ने संवेदनाओं से भरपूर कविता सुनाई, जिसमें मुस्कान का महत्व प्रतिपादित होता है। हर्षा मूलचंदानी सरिता ने कविता की धीर गंभीर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कवि और गायक नारी लच्छवाणी, , कन्यो शेवानी ने भी रचनाओं से वाहवाही लूटी। हास्य कवि बल्लू चोइथानी,संत हिरदाराम नगर, महेश मूलचंदानी,नर्मदापुरम भी खूब जमे। वरिष्ठ कवि और गायक नारी लच्छवाणी ने पावस रचना के रूप में बारिश के स्वागत वाली रचना सस्वर सुनाई। कन्हैया मोटवानी मांदो , मनोज सोनी पंजवानी, साध्वी द्रौपदी धनवानी ,श्रीमती द्रौपदी चंदनानी ,अशोक मनवानी ,मुरली बलवानी और अशोक जमनानी ने भी सशक्त कवितायें सुनाई। कवि सम्मेलन का संचालन अशोक जमनानी नर्मदापुरम ने किया। प्रारंभ में सिंधु भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र मनवानी, जितेंद्र जादवानी, तुलसी नेनवानी, श्याम कुमार चंदनानी के अलावा प्रो एस रावतानी,समाजसेवी भगवान देव इसरानी,जगदीश सहिता, पत्रकार शशि केसवानी आदि ने कवियों का स्वागत किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद

### आष्टा, जिला सीहोर, म.प्र.

कमांक / 903 / ई-टेण्डरिंग / तक.शा./ न.पा./2023 आष्टा दिनांक 28.08.2023

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | ऑनलाईन टेंडर न. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_302743_1 | नगर पालिका के सामने स्थित कम्युनिटी हाल परिसर के बाहर दुकान निर्माण कार्य । | 2 माह 1010159/- | 3000/- 7580/- | 15.09.2023 सायं 17.30 तक |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। जी.एस.टी. का भुगतान पृथक से देय होगा।

**राजेश सक्सेना** मुख्य न.पा. अधिकारी न.पा.प. आष्टा | **कमलेश जैन** प्रभारी लो.नि.विभाग, न.पा. आष्टा | **सिद्धीका बी भूरू भाई** उपाध्यक्ष न.पा. प. आष्टा | **हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा** अध्यक्ष न. पा. प. आष्टा

भोपाल, मंगलवार 29 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# बोतल में लौटता नहीं यह जिन्न...

हरियाणा के नूंह (मेवात) में सोमवार को जिस तरह से शोभायात्रा निकालने के मामले में हिन्दू संगठन और प्रशासन आमने-सामने हैं, उससे साबित हो गया है कि कट्टरता का जिन्न एक बार बाहर निकले तो उसे वापस बोतल में डालना बहुत मुश्किल होता है। हर साल यहां श्रावण मास के अंतिम सोमवार को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा बहुत प्रसिद्ध है जिसमें देश भर से बड़ी तादाद में श्रद्धालु आते हैं। 31 जुलाई को यहां के नलहड़ मंदिर के पास निकली यात्रा के दौरान हुए पथराव व तत्पश्चात हुए साम्प्रदायिक दंगों के चलते इस बार प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी लेकिन हिन्दू संगठन इसे निकालने के लिए आमादा हैं जिन्होंने पहले ही चेता दिया था कि उन्हें किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। नूंह के साथ ही पूरे हरियाणा में इसे लेकर तनाव है। जुलाई की आग अभी पूरी तरह से शांत नहीं हुई है और यह नये तनाव का सबब बन गया है। सोमवार को यहां धारा 144 लगा दी गई है। मंगलवार तक इंटरनेट सेवाएं बन्द रखने का ऐलान कर दिया गया है ताकि अफवाहें न फैले।

प्रशासन की इस बात से नाराज़ हिन्दू संगठनों का न सिर्फ नूंह में बड़ा जमावड़ा है वरन सटे हुए गुरुग्राम जिले के उस हिस्से में भी दहशत फैल गई है जहां झुग्गी बस्तियां हैं और जिनमें ज्यादातर अल्पसंख्यक बसते हैं। यह वही इलाका है जहां पिछले वक्त आगजनी हुई थी और कुछ लोग मारे गये थे। सोमवार की सुबह यहां हिन्दू संगठनों द्वारा दीवारों पर लिखा पाया गया कि वे (अल्पसंख्यक) इस इलाके को खाली कर दें क्योंकि यहां से शोभा यात्रा निकलेगी। वैसे यहां के अनेक लोग पिछले दंगों के समय से ही बस्तियां छोड़कर अन्यत्र जा चुके हैं। पुलिस के आला अफसरों ने आश्वस्त तो किया है कि वे (झुग्गीवासी) न घबरायें परन्तु पिछली वारदात का खौफ़ इतना है कि लोगों का पुलिस व स्थानीय प्रशासन ही नहीं सरकार पर से भी भरोसा उठ चुका है। इन इलाकों में पिछले कुछ समय से तनाव और डर का माहौल है।

राज्य सरकार हिन्दू संगठनों के आगे बेबस दिख रही है। प्रशासन ने शोभा यात्रा न निकलने देने के लिये पूरे इलाके में पुलिस की तैनाती की है, तो वहीं हिन्दू संगठन इस आदेश को न मानने पर आमादा हैं। वैसे नलहड़ मंदिर में पूजा के लिये प्रतीकात्मक रूप से 11 लोगों को अनुमति तो दी गई है पर इसे हिन्दू संगठन नहीं मान रहे हैं। उधर इस पूरे परिदृश्य में किसान नेता राकेश टिकैत की भी एंट्री हो गई है जिन्होंने कहा है कि अगर शोभा यात्रा निकाली गई या प्रशासन ने उन्हें अनुमति दी तो जवाब में किसान लाखों ट्रैक्टरों के साथ विशाल रैली निकालेंगे और महापंचायत भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई के अंत में हुए दंगों में किसान अल्पसंख्यकों के साथ थे। जाटों व मुस्लिमों की एकता से भारतीय जनता पार्टी के लोग और कट्टरवादी संगठन कमजोर पड़ गये थे।

पिछले कुछ समय से इस यात्रा के कारण मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर पसोपेश में हैं क्योंकि शोभा यात्रा को अनुमति न देने से हिन्दुओं की उन्हें चुनावों में नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। सरकार की पहले ही काफी भद्द भी पिट चुकी है। अगर शोभा यात्रा निकली और फिर से हिंसा हुई तो उसे सम्भाल पाना सरकार के लिये खासा मुश्किल होगा। नूंह जिला गुरुग्राम से लगा हुआ है जो देश का प्रमुख औद्योगिक केन्द्र है। यहां दुनिया के कई महत्वपूर्ण उद्योग-धंधों के मुख्यालय व कारखाने हैं। देश के जिन तीन शहरों की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है उनमें एक गुरुग्राम भी है जहां होने वाली हिंसा का असर कारोबार जगत और भारत की छवि पर पड़ेगा।

उम्मीद तो है कि हिन्दू संगठन देश के अमन-चैन को ध्यान में रखकर इस शोभा यात्रा को सीमित व प्रतीकात्मक रूप से निकालेंगे और इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनायेंगे। प्रशासन को भी चाहिये कि वह अपने निर्देशों का पालन कड़ाई से करे। साथ ही यह भी आवश्यक है कि संविधान को लागू करने की जिम्मेदारी जिन पर है, वे अपने दायित्वों का पालन कर कानून व व्यवस्था का राज बनाए रखें। वैसे यह मामला इस बात का सटीक उदाहरण है कि कट्टरता को जब एक बार राज्य की ओर से बढ़ावा मिलता है तो उसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। अनेक संगठन या व्यक्ति संविधान से ऊपर हो जाते हैं। धार्मिक संगठनों के हौसले पिछले कुछ समय से जिस बुलन्दी पर हैं, वह संविधान के लिये चुनौती बन गया है। ऐसे संगठन व लोग यह मानते हैं कि कानून का पालन करना उनके लिये आवश्यक नहीं है। पिछले कुछ समय से ऐसे अनेक दृष्टांत सामने आये हैं जब सत्ता व समाज के शीर्ष पर बैठे लोगों की अपीलें भी काम नहीं आ रही हैं। एक बार तो स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दलितों के उत्पीड़न से व्यथित होकर कह चुके हैं- 'दलितों को मारने से अच्छा है कि उन्हें (पीएम को) मार दें।' ऐसे ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी अपने लोगों को समझा चुके हैं कि 'मुस्लिम भी भाई ही हैं और इन्हें मारने वाले हिन्दू नहीं हो सकते।' जिस विचारधारा के लोग हिन्दू संगठनों को चला रहे हैं या उनके सदस्य हैं, उनमें से ज्यादातर भाजपा एवं संघ से जुड़े हैं। अपील करने वाले अपने-अपने संगठनों के शीर्ष पर हैं। जब उनका कहा बेअसर हो रहा है, तो हरियाणा के सीएम या प्रशासन की बिसात ही क्या है! नफरत और हिंसा का जिन्न वापस जाने के लिए बोतल से नहीं निकलता।

# कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्याएं: ये युवा खून किस के हाथों पर है!

कोटा में कोचिंग कर रहे दो छात्रों ने इसी रविवार को आत्महत्या कर ली। एलन कोचिंग के छात्र, महाराष्ट्र के आविष्कार संभागी ने एक टैस्ट के बाद, अपने कोचिंग इंस्टीट्यूट की ही छत से जाकर छलांग लगा दी और अपनी जान दे दी। वह कोटा में अपने नाना-नानी के साथ रहकर, कोचिंग कर रहा था। उसी रोज, बिहार के आदर्श ने होस्टल के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इन दो युवाओं की आत्महत्या के साथ, इसी साल देश में कोचिंग उद्योग के सबसे बड़े केंद्र कोटा में, छात्रों की आत्महत्याओं का आंकड़ा 23 पर पहुंच गया है। और यह समस्या किस तरह विकराल से विकराल होती जा रही है, इसका अंदाजा एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले साल कोटा में ही ऐसी आत्महत्याओं का आंकड़ा कुल 15 था। इस बार यह संख्या अब तक ही 23 तक पहुंच चुकी है, जबकि अभी अगस्त का महीना भी पूरा नहीं हुआ है और पूरा एक तिहाई साल आगे पड़ा हुआ है।

बेशक, इस विकराल रूप लेती समस्या के सामने अधिकारीगण जो भी हैं जो उन्हें सूझ रहा है, अपनी ओर से करने की कोशिश कर रहे हैं। एक ही दिन में दो छात्रों की आत्महत्या की खबर आने के बाद, कोटा के जिलाधिकारी ने एक एडवाइजरी जारी कर, कोटा के सभी कोचिंग इंस्टीट्यूटों से दो महीने तक नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी टैस्ट—एनईईटी) तथा आईआईटी-जी (जनरल एंट्रेंस टैस्ट) की कोचिंग कर रहे छात्रों के टैस्ट रोकने का आदेश दिया है। इससे पहले, 14 अगस्त को सामने आई एक और छात्र की आत्महत्या की घटना के बाद, जो कि अगस्त के महीने में ही ऐसी चौथी घटना थी, कोटा में कोचिंग छात्रों के होस्टलों के कमरों में छत से लटकने वाले पंखों में स्प्रिंग लगाने जैसे कदमों की शुरूआत की गई थी, जिससे छात्रों को आत्महत्या के इस अपेक्षाकृत आसानी से उपलब्ध साधन का सहारा लेने से रोका जा सके। इससे पहले से, ऐसी घटनाओं के बाद, हर बार इन छात्रों की काउंसिलिंग और यहां तक कि बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग के भी सुझाव दिए जाते रहे हैं, जिससे बच्चों पर किसी भी कीमत पर सफलता के दबाव और विफलता के डर को घटाया जा सके। बहरहाल, साफ है कि ये सभी उपाय/ सुझाव न सिर्फ बुरी तरह से विफल साबित हुए हैं बल्कि समस्या से दो-चार होने की किसी गंभीर कोशिश के बजाय, अगंभीर से लेकर हास्यास्पद ही साबित हुए हैं।

जाहिर है कि कोटा के कोचिंग छात्रों की या नीट, जी जैसी डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि की प्रतिष्ठित संस्थाओं में दाखिले की परीक्षाओं में सफलता के लिए अन्यत्र कोचिंग का सहारा लेने वाले किशोरों व युवाओं की, बढ़ती संख्या को आत्महत्या के अंधेरे रास्ते पर धकेलने वाले कारकों की, अपनी भी कुछ विशिष्टताएं हैं, जो इन कोचिंग संस्थाओं के छात्रों की स्थिति को और भी खतरनाक बना देती हैं। फिर भी एक बात जिसकी चर्चा बहुत कम ही होती है, यह है कि इसका सीधा संबंध डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि की प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश की परीक्षाओं को, सबके लिए समान स्तर सुनिश्चित करने के नाम पर, ज्यादा से ज्यादा एकीकृत किंतु वास्तव में केंद्रीयकृत किए जाने की राजकीय नीति से भी है। यह ऐसी राजकीय नीति है जिसे आमतौर पर उदारीकरण की नीतियों तथा खासतौर पर प्रोफेशनल शिक्षा के अंधाधुंध निजीकरण की नीतियों के जरूरी हिस्से के तौर पर, पिछले दो-तीन दशकों में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। यह प्रवृत्ति न सिर्फ इस कोचिंग उद्योग के तेजी से फलने-फूलने के लिए रास्ता बना रही है, युवा आत्महत्याओं की बढ़ती महामारी को भी तेजी से देश भर में फैला रही है।

प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश की परीक्षाओं के बढ़ते केंद्रीयकरण और युवाओं की बढ़ती आत्महत्याओं के इस सीधे रिश्ते का सबसे प्रत्यक्ष सबूत, मेडिकल शिक्षा में दाखिले की नीट नामक परीक्षा है। नीट परीक्षा की शुरूआत से देश के कई हिस्सों में और खासतौर पर तमिलनाडु में इस परीक्षा को थोपे जाने के खिलाफ शीर्ष राजनीतिक स्तर तक से आवाजें उठती रही हैं।



राजेन्द्र शर्मा

**ये आत्महत्याएं नहीं हत्याएं हैं, जिनके लिए हमारी वर्तमान व्यवस्था जिम्मेदार है, जिसने युवाओं के लिए अवसरों को इस कदर सीमित कर दिया है, इस कदर मुश्किल तथा संयोगाश्रित बना दिया है कि एक-एक विफलता की आशंका, संवेदनशील किशोरों-युवाओं के लिए, जिंदगी और मौत का सवाल बन जाती है। याद रहे कि बढ़ते चौतरफा आर्थिक संकट के बीच, अवसरों का लगातार सिकुड़ना, पूरे समाज में ही इस रुग्णता को फैला रहा है और बढ़ा रहा है।**

और इसकी एक वजह यह भी है कि तमिलनाडु पर इस परीक्षा के थोपे जाने की शुरूआत ही, मेडिकल की पढ़ाई के लिए दाखिले के लिए उत्सुक, प्रतिभाशाली बच्चों-बच्चियों की आत्महत्याओं से हुई थी और हर साल यह परीक्षा तमिलनाडु में कुछ न कुछ जानें निगल ही लेती है। इसी साल, 15 अगस्त से ठीक पहले इस परीक्षा के नतीजों के साथ आई बहुत ही हृदयविदारक घटना में, दो बार की विफलता के बाद, जगदीश्वरन नामक किशोर ने ही अपनी जान नहीं दे दी, उसकी आत्महत्या से विचलित उसके पिता ने भी, उसकी आत्महत्या के चंद घंटों में ही अपनी जान दे दी। इस तरह, इस परीक्षा ने क्रूर काल बनकर पूरे के पूरे परिवार को ही खत्म कर दिया। इस घटना से विचलित, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने न सिर्फ जल्द ही नीट का ही अंत हो जाने की भविष्यवाणी की है बल्कि यह भी याद दिलाया है कि तमिलनाडु ने अब तक इस परीक्षा के ही हाथों, अपने 16 प्रतिभाशाली बच्चों को हमेशा के लिए खोया है।

बेशक, यह कहा जा सकता है कि इतने बड़े देश में, इतने सारे बच्चे प्रतिष्ठित शिक्षा धाराओं में प्रवेश चाहने वाले होंगे। लेकिन, सब को तो प्रवेश नहीं दिया जा सकता है। जिन्हें प्रवेश नहीं मिलता है, वे अगर आत्महत्या करने पर उतर आएं, तो इसमें प्रवेश परीक्षा की व्यवस्था क्या कर सकती है? सीमित मौकों के हिसाब से छंटनी जरूरी है। और पूरे देश के लिए समान प्रवेश परीक्षा ही न्यायपूर्ण तथा तार्किक तरीके से यानी कम प्रतिभावानों को अलग करने के जरिए, छंटाई का यह काम कर सकती है। बहरहाल, तमिलनाडु का उदाहरण बताता है कि प्रतिभावानों को छांटने की यह पूरी दलील ही कागजी और झूठी है।

यह एक जानी-मानी शिक्षाशास्त्रीय सच्चाई है कि कोई भी परीक्षा, सीमित हद तक ही प्रतिभा की जांच कर पाती है। और हमारे जैसे बहुत भारी विविधताओं वाले देश में तो ऐसी परीक्षाओं की उपयोगिता और भी सीमित है। यहां परीक्षा का दायरा जितना ज्यादा फैलता जाएगा, प्रतिभा या उपयुक्तता की जांच की उसकी क्षमता उतनी ही घटती जाएगी। अलग-अलग भाषाओं में पढ़ाई कराने वाले, एक हद तक अलग-अलग पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले राज्यों के लिए, एक अखिल भारतीय परीक्षा का विचार ही बहुत खोखला और वास्तव में नुकसानदेह है। याद रहे कि तमिलनाडु में नीट-विरोधी आंदोलन की शुरूआत, जिस छात्रा की आत्महत्या से हुई थी, वह राज्य में उस वर्ष से पहले तक चालू पात्रता चयन व्यवस्था के हिसाब से, मेडिकल कालेज में दाखिले की अपनी पात्रता पहले ही साबित कर चुकी थी। इसके बाद भी, जब नीट के आधार पर उसे अपात्र बना दिया गया, उसका दिल टूट गया और उसने अपनी जान दे दी। इसीलिए, जनतांत्रिक छात्र आंदोलन समेत, वास्तव में जनतंत्र की कद्र करने वाली तमाम ताकतें, नीट जैसी केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षाओं का विरोध करती आई हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से एकरूपता को एकता का पर्याय मानने वाली देश की मौजूदा सरकार, ऐसी परीक्षाओं की सीमाओं को लेकर बार-बार चेताए जाने के बावजूद, ऐसी परीक्षाओं का दायरा बढ़ाती ही जा रही है। देश भर के लिए केंद्रीयकृत विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, इसी युवाघाती अभियान का एक और उदाहरण है। हां! केंद्रीयकृत विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, नीट की जितनी जानलेवा शायद न साबित हो क्योंकि विश्वविद्यालय की शिक्षा में प्रवेश मिलने न मिलने से, नीट जैसी जानलेवा अपेक्षाएं नहीं लगी हुई हैं। लेकिन, इसीलिए इस परीक्षा ने अपने शुरूआती वर्षों में ही लाखों की संख्या में छात्रों को विश्वविद्यालयी पढ़ाई से दूर खदेड़ दिया है और यह पढ़ाई करने वालों के दायरे को, जो इस देश में पहले ही बहुत सीमित था, और भी सीमित करना शुरू कर दिया है।

बहरहाल, कोटा कोचिंग छात्रों और आम तौर पर कोचिंग छात्रों की आत्महत्याओं पर लौटें। ये छात्र कौन हैं? बेशक, कोचिंग की पढ़ाई और खासतौर पर कोटा जैसे केंद्रों में कोचिंग की पढ़ाई, काफी महंगी है। यह दूसरी बात है कि यह कोचिंग जिस डाक्टरी, इंजीनियरी आदि की पढ़ाई के लिए दाखिले की है, वह पढ़ाई भी अब देश में आय के अनुपात में काफी महंगी हो चुकी है। निजीकरण ने इन प्रोफेशनल कोर्सों की पढ़ाई को इतना महंगा बना दिया है कि साधारण मध्यवर्गीय परिवार तक, इस पढ़ाई का बोझ आसानी से नहीं उठा सकता है, फिर साधारण मेहनतकश परिवारों की तो बात ही क्या करना। पहले कोचिंग का खर्च और फिर दाखिला मिल जाए तो पढ़ाई का खर्च, दोनों को उठाना संपन्नतर परिवारों के लिए ही संभव है। हां! इस संबंध में दो अलग-अलग या दोनों एक साथ चलने वाले विकल्प भी देखने को मिलते हैं। पहला, दाखिले की सूरत में पढ़ाई के लिए कर्ज का बोझ बच्चे के ऊपर डाला जा सकता है, जो नाकामयाबी के डर को जानलेवा बना सकता है। दूसरे, साधारण परिवार, बच्चा अगर पढ़ाई में अच्छा नजर आता हो तो, उसके दाखिले को ही अपनी आर्थिक मुक्ति का इकलौता रास्ता मानकर, घर-जमीन या दूसरे सभी साधन बेचकर, बच्चे की महंगी पढ़ाई का बंदोबस्त कर सकता है। कोचिंग के मामले में तो खासतौर दूसरा ही विकल्प संभव है क्योंकि कोचिंग के लिए बैंक से शिक्षा ऋण नहीं मिल सकता है। दोनों ही सूरतों में परिवार की अपेक्षाओं का असह्य बोझ, किशोरों-युवाओं को विफलता की जरा सी फिसलन या आशंका भर से, आत्मघात की अंधेरी खाई में धकेल सकता है। हैरानी की बात नहीं है कि अपेक्षाकृत साधारण परिवारों से आने वाले बच्चे ही, कोई और रास्ता ही नहीं दिखाई देने के चलते, हताशा में आत्मघात की खाई में ज्यादा छलांग लगाते हैं।

ये आत्महत्याएं नहीं हत्याएं हैं, जिनके लिए हमारी वर्तमान व्यवस्था जिम्मेदार है, जिसने युवाओं के लिए अवसरों को इस कदर सीमित कर दिया है, इस कदर मुश्किल तथा संयोगाश्रित बना दिया है कि एक-एक विफलता की आशंका, संवेदनशील किशोरों-युवाओं के लिए, जिंदगी और मौत का सवाल बन जाती है। याद रहे कि बढ़ते चौतरफा आर्थिक संकट के बीच, अवसरों का लगातार सिकुड़ना, पूरे समाज में ही इस रुग्णता को फैला रहा है और बढ़ा रहा है। यह संयोग ही नहीं है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2019 में देश भर में आत्महत्याओं की संख्या 1.3 लाख थी, जो 2020 में बढ़कर 1.5 लाख हो गई और 2021 में और बढ़कर 1.64 लाख हो गई यानी 2020-2021 के बीच ही, पूरे 7.1 फीसद बढ़ गई। फिर भी प्रतिभाशाली किशोरों-युवाओं की जान लेने वाला चेहरा, मौजूदा व्यवस्था का सबसे हिंसत, सबसे क्रूर चेहरा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# नवीनतम चीन-भूटान सीमा वार्ता के नतीजे से भारत के लिए चिंता का विषय

■ गिरीश लिंगन्ना

हिमालय में, दो एशियाई महाशक्तियों, भारत और चीन के बीच रणनीतिक रूप से संवेदनशील भौगोलिक स्थिति में बसा है। वर्षों से दिल्ली अपनी भू-राजनीतिक मजबूरियों के कारण थिम्पू को सैन्य और आर्थिक सहायता के रूप में करोड़ों डॉलर की पेशकश करती रही है। भारत और भूटान दोनों को अभी भी चीन के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे भूमि सीमा विवाद को सुलझाना बाकी है, जो भूटान के उत्तर और पश्चिम में हिमालय के क्षेत्र पर सीमा समझौते पर पहुंचने के लिए दबाव डाल रहा है। संभावित समाधान के लिए भूटान के दीर्घकालिक सहयोगी, भारत की अंतर्निहित मंजूरी की भी आवश्यकता होगी।

21-24 अगस्त तक बीजिंग में भूटान और चीन के बीच आयोजित 13वीं विशेषज्ञ समूह बैठक (ईजीएम) के अंत में, जो सीमा वार्ता की प्रगति की निगरानी करती है, दोनों देशों ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि वे वार्ता की गति बढ़ाने पर सहमत हुए हैं, अपने लंबे समय से लंबित सीमा विवाद के समाधान के लिए 'तीन-चरणीय रोडमैप' बनाने के लिए एक साथ कदम उठायेंगे। चालू वर्ष में आयोजित यह तीसरी विशेषज्ञ समूह (ईजीएम) की बैठक थी।

संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने पिछली ईजीएम में हुए समझौते के आधार पर रोडमैप को लागू करने पर 'स्पष्ट, मैत्रीपूर्ण और रचनात्मक चर्चा' की थी। बयान में कहा गया, '13वीं ईजीएम के महत्वपूर्ण परिणामों में से एक चीन-भूटान सीमा के परिसीमन पर संयुक्त तकनीकी टीम की स्थापना है, जिसने ईजीएम के मौके पर अपनी पहली बैठक की।'

**दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे इस सीमा गतिरोध में विवाद की जड़ डोकलाम का रणनीतिक पठार है, जो तीन देशों-भारत, भूटान और चीन के ट्राइ-जंक्शन के करीब स्थित है। यदि बीजिंग इस विवादित पठार पर नियंत्रण हासिल करने में कामयाब हो जाता है, तो यह चीन को निर्बाध बल जुटाने की अनुमति देगा क्योंकि इससे भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष छिड़ने की स्थिति में उसे भूमि मार्गों तक अधिक पहुंच मिल जायेगी।**

चीन और भूटान के बीच सीमा वार्ता 1984 से एक सतत प्रक्रिया रही है क्योंकि दोनों देश डोकलाम क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। भारत ने हमेशा से ही उसके रुख का समर्थन किया है। चीनी अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर नजर रखने वालों का कहना है कि चीन और भूटान 1996 के आसपास एक अंतिम समझौते पर पहुंचने के बहुत करीब आ गये थे,लेकिन भारत की रणनीतिक दखल के कारण वार्ता विफल हो गयी। 1984 के बाद से चीन और भूटान के बीच 24 दौर से अधिक सीमा वार्ता के अलावा 12 दौर की विशेषज्ञ स्तर की बैठकें हो चुकी हैं। मई 2023 में, 12वीं विशेषज्ञ समूह बैठक (ईजीएम) भूटान की राजधानी थिम्पू में आयोजित की गई थी, 11वीं ईजीएम वार्ता चीन की राजधानी और युनान प्रांत के सबसे बड़े शहर कुनमिंग में आयोजित होने के ठीक चार महीने बाद हुई थी।

जैसे ही थिम्पू दौर की चर्चा समाप्त हुई, भूटान और चीन दोनों ने कहा कि 'तीन-चरणीय रोडमैप' को लागू करने की दिशा में प्रगति हुई है जो उनके सीमा विवाद को सुलझाने में मदद करेगा। दो साल के लंबे अंतराल के बाद जनवरी 2023 में 11वीं ईजीएम के बाद अप्रैल 2021 में 10वीं ईजीएम हुई। इसे देखते हुए, यह महत्वपूर्ण लगता है कि मई 2023 में 12वें दौर के बाद, 13वां दौर केवल तीन महीनों के भीतर- और चीनी राजधानी में- वार्ता में और अधिक तेजी से विकास का संकेत दे रहा है।

इस विवाद की जड़ें भारत और चीन के बीच तीखी सीमा वार्ता में हैं। दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे इस सीमा गतिरोध में विवाद की जड़ डोकलाम का रणनीतिक पठार है, जो तीन देशों-भारत, भूटान और चीन के ट्राइ-जंक्शन के करीब स्थित है। यदि बीजिंग इस विवादित पठार पर नियंत्रण हासिल करने में कामयाब हो जाता है, तो यह चीन को निर्बाध बल जुटाने की अनुमति देगा क्योंकि इससे भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष छिड़ने की स्थिति में उसे भूमि मार्गों तक अधिक पहुंच मिल जायेगी।

भारत की हिमालयी सीमाओं पर निर्भीक और बेधड़क चीनी घुसपैठ के कारण क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी सैन्य जमावड़े हुए और कभी-कभी झड़पें भी हुईं। 2017 में चीन-भारत सीमा पर झड़प, जिसे 'डोकलाम गतिरोध' कहा गया, भारत और चीन के बीच एक सैन्य झड़प थी। डोकलाम में सड़क बनाने की चीनी कोशिशों ने विवाद को भड़का दिया। 16 जून, 2017 को, चीनी सैनिकों ने बुलडोजर, क्रेन, उत्खननकर्ता, फोर्कलिफ्ट और डंप ट्रकों के साथ डोकलाम में पहले से मौजूद सड़क को दक्षिण तक विस्तारित करने का काम शुरू किया। 18 जून, 2017 को, भारत ने 'ऑपरेशनजुनिपर' के रूप में अपनी प्रतिक्रिया शुरू की, जब लगभग 270 सशस्त्र भारतीय सैनिकों ने अनुचित चीनी गतिविधि को रोकने के लिए केवल दो बुलडोजरों के साथ सिक्किम सीमा पार डोकलाम में हमला किया। हालांकि, 28 अगस्त को दोनों देशों ने सेना वापसी की घोषणा की।

भारत-चीन सीमा संकट सीमांकित त्रिकोणीय जंक्शन के पश्चिम में भारत के सिक्किम राज्य, उत्तर में चीन के कब्जे वाले तिब्बत की चुम्बी घाटी और पूर्व में भूटान की हा घाटी पर पहुंच गया है। इस त्रि-जंक्शन के सटीक स्थान को लेकर भारत और चीन के बीच लंबे समय से टकराव चल रहा है। भूटान-चीन सीमा प्रश्न का दशकों पुराने भारत-चीन सीमा संकट से सीधा संबंध है। दोनों देश एक सीमा साझा करते हैं जिसका पर्याप्त रूप से सीमांकन नहीं किया गया है, इसलिए इस क्षेत्र पर दोनों देशों के दावे एक-दूसरे के क्षेत्र तक होते हैं। भारत का अनुमान है कि यह 3,488 किलोमीटर लंबा होगा, जबकि चीन का कहना है कि यह 2,000 किलोमीटर है। वर्तमान यथास्थिति सीमा भारत के उत्तर में लद्दाख क्षेत्र में स्थित है और पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक जाती है - जो कि विवादित भी है क्योंकि चीनी इसे 'दक्षिणी तिब्बत' कहते हैं।

बीबीसी के अनुसार, चीन पश्चिमी भूटान में लगभग 269 वर्ग किमी और उत्तर-मध्य भूटान में 495 वर्ग किमी पर अपना दावा करता है। 2020 में, चीन का दुस्साहस पूर्वी भूटान में सकतेंग वन्यजीव अभयारण्य में 739 वर्ग किमी क्षेत्र तक फैल गया, और दावा किया कि यह मुख्यभूमि चीन का हिस्सा है, हालांकि अधिकांश आधिकारिक चीनी मानचित्रों में सकतेंग को भूटान का हिस्सा दिखाया गया है। यहां तक कि अरुणाचल प्रदेश सहित विशाल क्षेत्रों का दावा करने वाले चीन के सबसे महत्वाकांक्षी और विवादास्पद 2014 के नक्शे में, साकतेंग पार्क को भूटान का हिस्सा दर्शाया गया था।

डोकलाम पर थिम्पू के रुख का समर्थन करने के लिए दिल्ली के पास ठोस कारण हैं। यदि चीन के मंसूबे सफल होते हैं, तो भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण यह पठार बीजिंग को भारत के लिए सबसे संवेदनशील भौगोलिक बिंदुओं में से एक - सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन नेक' भी कहा जाता है - 22 किलोमीटर की संकीर्ण भूमि पर दिल्ली के मुकाबले फायदेमंद रहेगा। यह भूमि पुल मुख्य भूमि भारत को उत्तर-पूर्व में उसके 'सतबहनी' राज्यों से जोड़ता है।

उपग्रह चित्रों सहित महत्वपूर्ण डेटा से संकेत मिलता है कि चीन संप्रभु भूटानी क्षेत्र के अंदर बुनियादी ढांचे-यहां तक कि छोटे गांवों- के निर्माण में लगा हुआ है। बताया जाता है कि भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने मार्च 2023 में एक साक्षात्कार में बेल्जियम के दैनिक ला लिब्रे को बताया था, 'जैसा कि मीडिया में बताया गया है, भूटानी क्षेत्र में कोई घुसपैठ नहीं हुई है'। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि भूटान और चीन कुछ बैठकों में कुछ सीमाओं के सीमांकन में साझा आधार ढूंढ लेंगे।

इससे संकेत मिलता है कि शेरिंग संभवत: चीन के दबाव के आगे झुक रहे थे और सीमा मुद्दे को 'हल' करने के लिए क्षेत्र छोड़ने की तैयारी कर रहे थे, एक ऐसा कदम जिसने भारत के सुरक्षा प्रतिष्ठान में खतरे की घंटी बजा दी। 2012 के भारत-चीन समझौते में कहा गया है कि, भारत-चीन और किसी तीसरे देश के बीच साझा सीमाओं पर, सीमा का सीमांकन सभी संबंधित पक्षों की सहमति पर किया जायेगा। इसलिए, सीमा विवाद को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से तभी हल किया जा सकता है जब तीनों देश-भारत, भूटान और चीन- आम सहमति से किसी निर्णय पर पहुंचने में कामयाब होंगे।

## गुरवाणी विचार

### कहो कबीर गूंगे गुड़ खाया पूछे तो किया कहिये

सचा सौदा हरिनाम है, सच्चा वापरा राम।
गुरमति हरि नाम नजलिये अति माल अफारा राम।
अंतर बाहर भगती राते सचि नाम लिव लागी।
नदरि करे कोई सच पाये गुरु के शबद वीचारा।
नानक नाम रते तिन ही सुख पाया- साचै के वापारा।

इस शब्द में तीसरे नानक गुरु अमरदास जी मानवमन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि प्रभु के नाम की सच्ची खरीद ही प्रभु का साचा व्यापार है और यही सबसे उत्तम व्यापार है इसी के द्वारा हमें आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। गृहस्थ में रहकर गुर सीख ने अपनी और अपने परिवार की उपाजीविका चलाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार विहार करने हैं। तथा अपना और अपने परिवार का उदर पोषण करना है। परन्तु ये सब सही और ईमानदारी के साथ करना है और उसमें से दसबंध निकालकर जरूरतमंदों की दीनदुखियों की सेवा में लगाना है परन्तु माया कमाने के चक्कर में इतना गलतान नहीं हो जाना है कि अपने जनक को भी विसार दो-

दात पियारी विसरिया दातारा। माया है ही महा मोहिनी आदमी दस हजार कमाता है तो फिर लाख कमाने की तरफ दौड़ पड़ता है और इस तरह इस माया की अंधी दौड़ में ही फंसकर रह जाता है-

सहस्त्र कटे लख को उठि धावै।
तिरपत न आवै माया पाछै पावै।।

इसलिए हमें इस माया के मोह जाल में ही उलझ कर नहीं रह जाना है बल्कि कमाने के साथ साथ उस पभु परमात्मा को भी हमेशा याद रखना है जिसने हमें यह लाखों-करोड़ों की सुंदर काया दी है और उस पभु परमात्मा को भी हमेशा याद रखना है जिसने हमें यह लाखों-करोड़ों की सुंदर काया दी है और उस प्रभु परमात्मा को एकमात्र याद करने का तरीका है पभु सिमरन बंदगी हमें जहां पर प्रभु संकीर्तन होात हो जाना चाहिए प्रभु महिमा कथा, कीर्तन श्रवण करते रहना चाहिए प्रभु महिमा वाली पुस्तकें पढ़ते रहना चाहिए ताकि हमारा मन उसमें रम जाए और शनै:शनै: हम अपने मन मंदिर में पभु परमात्मा हर जीव के अंतर आत्मा में मौजूद है हमें प्रयास कर उसे खोजना है और उसकी प्राप्ति हो जाए तो फिर उसका बखान उसी तरह नहीं किया जा सकता जिस तरह एक गूंगा व्यक्ति मिठाई या गुड़ खा ले तो उसके स्वाद का बखान नहीं कर सकता-

कहो कबीर गूंगे गुड़ खाया
पूछे तो किया कहिये।।

इस तरह हमारा सही मायने में व्यापार प्रबु सिमरन कर उसकी प्राप्ति ही होना चाहिए। तभी हम प्रभु सिमरन कर उसकी प्राप्ति कर आनंदपूर्वक इस संसार में जीवनयापन कर सकेंगे और प्रभु के साचे दरबार में जाने पर जगह प्राप्त कर सकेंगे और यह तभी संभव है जब प्रभु परमात्मा की हम पर नजरें इनायत हो जाए।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### मनाने के साथ समझने होंगे रक्षा बंधन के मायने ?

भाई-बहन का रिश्ता दुनिया के सभी रिश्तों में सबसे ऊपर है। हो भी न क्यों? भाई-बहन दुनिया के सच्चे मित्र और एक-दूसरे के मार्गदर्शक होते हैं। जब बहन शादी करके ससुराल चली जाती है और भाई नौकरी के लिए घर छोड़कर किसी दूसरे शहर चला जाता है तब महसूस होता है कि भाई-बहन का ये सर्वोत्तम रिश्ता कितना अनमोल है। सरहद पर खड़ा एक सैनिक भाई अपनी बहन को कितना याद करता है और बहनों की ऐसे वक्त क्या दशा होती है? इसके लिए शब्द नहीं है। यह पर्व उस अनमोल प्रेम का, भावनाओं का बंधन है जो भाई को सिर्फ अपनी बहन की नहीं, बल्कि दुनिया की हर लड़की की रक्षा करने हेतु वचनबद्ध करता है।

रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहनें भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। राखी सामान्यत: बहनें भाई को ही बांधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बांधी जाती है। वास्तव में ये त्योहार से रक्षा के साथ जुड़ा हुआ है, जो किसी की भी रक्षा करने को प्रतिबद्ध करता है। अगर इस पवित्र दिन अपनी बहन के साथ दुनिया की हर लड़की की रक्षा का वचन लिया जाए तो सही मायनों में इस त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। इस पावन त्योहार का अपना एक अलग स्वर्णिम इतिहास है, लेकिन बदलते समय के साथ बाकी रिश्तों की तरह इसमें भी बहुत से बदलाव आए हैं। जैसे-जैसे आधुनिकता हमारे मूल्यों और रिश्तों पर हावी होती जा रही है। संस्कृति में पतन के फलस्वरूप रिश्तों में मजबूती और प्रेम की जगह दिखावे ने ले ली है। आज के बदलते समय में इस त्योहार पर भी आधुनिकता हावी होने लगी है, तब से आज तक यह परंपरा तो चली आ रही है लेकिन कहीं न कहीं हम अपने मूल्यों को खोते जा रहे हैं। राखी का ये अनमोल रिश्ता महज कच्चे धागों की परंपरा भर नहीं है। लेन-देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है बल्कि जहां लेन-देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता, अटूट रिश्ते कैसे बन पाएंगे। इतिहास में कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमें युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्रीकृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी में से एक टुकड़ा बांध दिया था, और इस उपकार के बदले श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट में द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था। रक्षा बंधन की कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसी बहन का साया जब भी भाई को पुकारता था, तो दुनिया की हर ताकत से लड़ कर भी भाई उसे सुरक्षा देने दौड़ पड़ता था और उसकी राखी का मान रखता था।

कहते हैं, मेवाड़ की रानी कर्मावती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी अत: उसने मुगल बादशाह हुमायूं को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुंच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की।

परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। आज एक बार फिर भातृत्व की सीमाओं को बहन फिर चुनौती दे रही है, क्योंकि उसके उम्र का हर पड़ाव असुरक्षित है, उसकी इज्जत एवं अस्मिता को बार-बार नोचा जा रहा है।

**-प्रियंका सौरभ**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### ट्रकों के लिए स्थान सुनिश्चित किया

**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर में यातयात व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जहां-तहां खड़े हुये ट्रकों को यथा स्थान खड़ा करन नगरपालिका अन्तर्गत पुराना परिवहन निगम डिपो के स्थल का चयन किया गया है। इसके आदेश जारी करते हुए एसडीएम हर्षल चौधरी ने समस्त प्रकार के ट्रक अथवा लोडिंग वाहन जो नगर सिरोंज के अन्तर्गत खड़े रहते है जिनके कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इस ट्राफिक व्यवस्था को सुचारू से संचालित हेतु ट्रक ट्रांसपोर्टरों को निर्देशित किया है कि समस्त प्रकार के ट्रक लोडिंग वाहन को व्यवस्थित रूप से अपनी अभिरक्षा में पुराना परिवहन निगम डिपो में आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से ट्रक,लोडिंग वाहन को खड़ा किया जाना सुनिश्चित करें।

### महिला मंडल ने आयोजित किया सम्मान समारोह



**सिरोंज, देशबन्धु।** सौभाग्य दशमी के उपलक्ष्य में महिला मंडल के द्वारा सभी महिलाओं का सोलर श्रंगार द्वारा सम्मान किया गया। जिसमें दिव्य देशना मंडल व नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया। इस पुनीत अवसर पर महिला मंडल द्वारा प्रात: काल में श्रीजी की शांति धारा व पंच परमेष्ठी का विधान कराया गया। दोपहर में अखिल भारतवर्षीय सर्वोदय महिला परिषद सिरोंज, महासमिति महिला मंडल सिरोंज व दिव्यदेशना महिला मंडल द्वारा एक दूसरे को श्रृंगार की सामग्रियां भेंट की गई ओर प्रभु से अखंड सौभाग्यवती बने रहने की प्रार्थना की गई। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की समस्याएं बताई

**सिरोंज, देशबन्धु।** भोपाल में सेमी गवर्नमेंट फेडरेशन के वेयरहाउसिंग कारपोरेशन भोपाल के संभागीय अध्यक्ष मनमोहन यादव गोलू ने प्रांतीय अध्यक्ष अनिल बाजपेयी से सौंजन्य भेंट कर दैनिक श्रमिक और आउटसोर्स कर्मचारियों के होने वाले आगामी आंदोलन की रूपरेखा की जानकारी दी एवं दैनिक श्रमिक और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के बोनस एवं रेक लदान के समय ओवरटाइम कर रहे श्रमिकों के पारिश्रमिक के भुगतान दिलाये जाने के लिए अनुरोध किया। प्रांतीय अध्यक्ष अनिल बाजपेयी ने दैनिक श्रमिक और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हित में कई कार्य किये है एवं उन्होंने आश्वासन दिया कि दैनिक श्रमिक एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को निगम में मिलने वाली सभी सुविधा दिलवाने के कार्य प्रगतिशील है। इस दौरान मोहित कपूर, सुरेश कुशवाह, अंकित पाटिदार, धनराज यादव, कपिल राजपूत आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 856.7 मिमी औसत बारिश दर्ज

**रायसेन,देशबन्धु।** जिले में 1 जून 2023 से 28 अगस्त 2023 तक 856.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 470.8 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 28 अगस्त 2023 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 629.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 954.6, बेगमगंज में 942.6, सिलवानी में 736, गौहरगंज में 587.3, बरेली में 1165, उदयपुरा में 1089.5, बाड़ी में 748, सुल्तानपुर में 685.4 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 1028.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जले में बीते 24 घंटे में 28 अगस्त 2023 को प्रात: 08 बजे तक 4.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

# कलेक्टर ने दिव्यांगों को बताया मतदान का महत्व, सुविधाओं की दी जानकारी



**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिला प्रशासन के समन्वय से आरंभ संस्था द्वारा नगर में दिव्यांगजनों के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा दिव्यांगजनों को मतदान का महत्व बताते हुए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्टर दुबे ने उपस्थित दिव्यांगजनों से कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है। मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार भी है और कर्तव्य भी। सभी मतदाताओं को अपने मतदान अवश्य करना चाहिए और इसके लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है। उन्होंने उपस्थित दिव्यांगजनों से मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी लेते हुए बताया कि 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के आवेदन लिए जा रहे हैं। कलेक्टर श्री दुबे ने दिव्यांगजनों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जिन दिव्यांगजनों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, उनके नाम जोड़ने की कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर दुबे ने बताया कि देश का प्रत्येक नागरिक चाहे वह दिव्यांग हो, वृद्धजन हो, बीमार हो, वह मतदान कर सकें इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक सुविधाएं दी गई हैं। दिव्यांगजनों के लिए भी निर्वाचन आयोग द्वारा अनेक सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने बताया कि जो दिव्यांगजन, वृद्धजन मतदान केन्द्र पर जाकर वोट डालने में सक्षम नहीं है, उन्हें घर पर ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाती है। यह प्रकिया अधिकारियों की उपस्थिति में होती है तथा दिव्यांगज ने किसको वोट दिया है, यह भी पूरी तरह गोपनीय रहता है। इसके अलावा जो दिव्यांगजन मतदान केन्द्र पर आकर वोट डालना चाहते हैं, उनके लिए वाहन से मतदान केन्द्र तक लाने और वोट डालने के उपरांत वापस घर तक छोड़ने की सुविधा दी जाती है। उन्होंने मतदान करने के लिए दिव्यांगजनों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही दिव्यांगजनों द्वारा मतदान के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया। कलेक्टर दुबे ने आरंभ संस्था द्वारा दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना भी की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप नोडल अधिकारी अंजू पवन भदौरिया सहित संबंधित अधिकारी, आरंभ संस्था के प्रमुख अनूप किशोर सहाय सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**मतदान करने की दिलाई शपथ:** कलेक्टर दुबे द्वारा सभी दिव्यांगजनों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

# यातायात नियमों का पालन कराने जागरूकता अभियान चलाने पर जोर

कलेक्टर की उपस्थिति में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**रायसेन, देशबन्धु।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करने के लिए किए जा रहे कार्यो, गतिविधियों की समीक्षा की। कलेक्टर दुबे ने अधिकारियों को अधिक दुर्घटना वाले सड़क मार्गो पर ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर दुबे ने कहा कि उन्होंने कहा कि डिवाइडर, स्पीड ब्रेकर की सूचना के लिए रिफ्लेक्टर या संकेत चिन्ह लगाए जाएं। साथ ही जिले में ग्रामीण सड़कें जहां हाइवे या मुख्य सड़क से जुड़ती हैं, उस स्थान के पूर्व ग्रामीण सड़क पर ही स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। सड़कों पर पशु नहीं बैठे, यह सुनिश्चित किया जाए। पशुमालिकों को समझाईश दी जाए। इसके पश्चात भी नहीं मानने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने यात्री बसों और स्कूल बसों की जांच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल, कॉलजों तथा सार्वजनिक स्थलों पर यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित किए जाने के लिए भी कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल ने बताया कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर वाहनों की दुर्घटनाओं में चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण मृत्यु या गंभीर चोट की स्थिति बनती है। इसके दृष्टिगत जनजागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को समझाईश दी जा रही है। इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत सख्ती से कार्यवाही भी की जा रही है। ग्राम पग्नेश्वर पुल के आगे बारिश में पानी आ जाने के कारण यातायात बाधित होने और सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहने, रायसेन में इंडियन चौराहा से जुड़ने वाली चौपड़ा व तालाब मोहल्ला मार्ग मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाने, रामलीला गेट व महामाया चौक पर वाहनों के खड़े होने से यातायात बाधित होने और जाम की स्थिति बनने पर चर्चा कर निराकरण हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

## एलबीएस कॉलेज में हुई रस्साकसी प्रतियोगिता



**सिरोंज, देशबन्धु।** खेल सप्ताह के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 21 से 29 अगस्त तक क्रीड़ा विभाग के तत्वावधान में रस्साकस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. वसीम उल्ला खान ने बताया कि प्रतियोगिता को चार भागों में बांटा गया था। फन गेम में पुरुष स्टाफ की दो टीम, महिला स्टाफ की दो टीम तथा छात्र एवं छात्राओं की अलग-अलग दो टीमें इस प्रकार कुल आठ टीमों ने भाग लिया। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर आरएस तिवारी की टीम ने प्राचार्य लालचंद राजपूत की टीम को पराजित किया। प्राचार्य राजपूत ने प्रतियोगिता में भाग लेकर सबका उत्साह वर्धन किया। स्टाफ की ओर से सी एस मौर्य समृथ निनामा सैयद उरूज अहमद, मनोज जैन, महेश चंद्र परमार, बी एल टांडेकर, साकिर खान अवधेश पांडे, राहुल गौर, नरेंद्र दांगी, आलम सिंह दातारी तथा महिला टीम की ओर से कल्पना पंचोली, निधि मसीह, रूबी ताम्रकार, पूजा मिश्रा, विभा श्रीवास्तव, मीनाक्षी शर्मा, साधना कुमारी झा, किरण बंसीवाल, शबाना परवीन ने प्रतियोगिता में भाग लिया इस अवसर पर छात्र छात्राएं एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### विधिक साक्षरता शिविर में बाल अधिकारों की दी जानकारी

**रायसेन,देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव संगीता यादव की उपस्थिति में शासकीय हाई स्कूल कलेक्ट्रेट कॉलोनी रायसेन में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रसंगीता यादव द्वारा नालसा की बाल मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## बीएलए, मंडलम और सेक्टर प्रशिक्षण में कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बताई बारीकियां



**सिरोंज, देशबन्धु।** सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र के बीएलए मंडलम सेक्टर अध्यक्ष के प्रशिक्षण का आयोजन कांग्रेस द्वारा एक निजी गार्डन में किया गया। जहां पंजीयन कर कार्यकर्ताओं को पहचान पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण शिविर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश कटारे, जिला प्रभारी अमित शर्मा, सहप्रभारी देवदत्त सोनी, संगठन मंत्री मोहित रघुवंशी, कांग्रेस प्रशिक्षण विभाग के उपाध्यक्ष डॉ. संजय कामले, ललित सेन, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अंसार मंसूरी ने बीएलए मंडलम, सेक्टर अध्यक्ष को प्रशिक्षित करते हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम, भाजपा सरकार द्वारा वोटर लिस्ट में की जा रही गडबहियों, 80 वर्ष से अधिक आयु के वोटरो एवं विकलांग मतदाता, सर्विस वोटरो की बारीकियों से अवगत करवाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन से हुआ। जिला संगठन मंत्री मोहित रघुवंशी ने समूहिक राष्ट्रगीत का गान कराया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद गौरी ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष कटारे ने कहा कि अगले 100 दिन महत्वपूर्ण है। अगर कार्यकर्ता हमारा बूथ करेंगे मजबूत कार्यक्रम के सभी बिंदुओ को समय सीमा में पूर्ण कर लेते है तो उस बूथ पर जीत सुनिश्चित है। संगठन मंत्री मोहित रघुवंशी ने कहा कि 2018 के चुनाव परिणामों में जिन बूथों पर हार मिली थी उन बूथों पर विशेष कार्ययोजना बनाकर काम करने की जरूरत है और जिन बूथों पर जीत मिली थी उनमें 10 प्रतिशत मत बढाने की आवश्यकता है। सहप्रभारी अमित शर्मा ने बताया कि 2018 तक हमारा संगठन जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष पर आधारित था कमलनाथ ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए मंडलमए सेक्टर इकाइयों को महत्वपूर्ण बनाया और अब संगठन को बीएलए के माध्यम से मतदान केन्द्र के स्तर तक मजबूत करना है।

## युवक की हत्या के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** तहसील खुरई के ग्राम बरोदिया में दलित युवक की हत्या के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक निशंक जैन के नेतृत्व में सोमवार को प्रदर्शन कर एक ज्ञापन राजपाल के नाम एसडीएम को को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आज देखने में आ रहा है कि विगत कई वर्षों से भाजपा के पदाधिकारी निरंकुश होकर मर्यादा की सारी हदें पार कर रहे है। अभी हाल ही में खुरई तहसील के ग्राम बरोदिया में भाजपा के कथित नेताओं द्वारा दलित युवक की सरे राह लाठियों से पीट-पीट कर हत्या कर दी। पूर्व विधायक और प्रदेश कांग्रेस महासचिव निशंक जैन ने कहा कि भाजपा सरकार चुनावी समय में दलितों को लुभाने के लिए उनका वोट पाने ढोंग कर रही है वहीं शोषित, पीड़ित दलित समाज के प्रति जुल्मों पर मौन धारण किये हुये है। राजपाल के नाम दिए ज्ञापन में मांग की गई हत्यारों को गिरफ्तार कर शीघ्र अतिशीघ्र दंडात्मक कार्रवाई की जाएं अन्यथा गंज बासौदा के सभी शोषित दलितों के साथ आन्दोलन एवं धरना प्रदर्शन के लिए कांग्रेस पार्टी उनके साथ होगी। ज्ञापन देने वालों में पूर्व विधायक निशंक जैन प्रकाश मिश्रा अमित मेहता राजेश अहिरवार लालाराम राजकुमार मणी भाई हीरालाल मुकेश वहादुर सीह दांगी चरन सिंह आदि है।

## परशुराम धर्मशाला में हुई मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बैठक



**भेरुन्दा, देशबन्धु।** परशुराम धर्मशाला में विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति एवं दुर्गा वाह्निनी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृ शक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने अपने विचार रखें। बैठक में राजगढ़ विभाग संयोजिका रिंकू सुनहरी, जिला संयोजिका रीना राय चौधरी,बहन मंजू आर्य ब्यावरा एवं मातृशक्ति जिला सयोजिक बहन राधिका जैमिनी दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका संस्कृति रजक एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राजू जाट मौजूद रहे। इस बैठक को प्रारंभ करते हुए, राजू जाट ने मातृशक्ति को घर-घर में शिवाजी जैसे बेटे घड़ने की बात कही एवं आज की वर्तमान परिस्थितियों से सजग रहने को कहा, दुर्गा वाहिनी की बेटियों को लव जिहाद जैसी घटना से सावधान रहने के लिए प्रेरित किया, एवं जिले में मातृशक्ति के आगामी कार्यक्रम से भी अवगत कराया। कीर्ति पंवार को दुर्गा वाहनी की प्रखंड सयोजिक बनाया गया। संयोजिका रिंकू सुनहरी ने संगठन की एकता को बताते हुए सनातन धर्म,संस्कृति की रक्षा हम मातृशक्ति कैसे कर सकती हैं हमारी बेटियों की सुरक्षा को लेकर भी हमें सजग रहने के लिए कहा और आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा से हम सभी बहनों को अवगत करवाया।

# अंतिम सावन सोमवार: भगवान की झांकी के साथ निकली कावड़ यात्रा



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर गांधी चौक से विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा सावरकर चौक हनुमान चौक भारत रोड जीवाजीपुर मुंद्रा बालर होते हुए ग्राम बरिया पहुंची जहां भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया कावड़ यात्रा के आयोजक देवेंद्र वर्मा ने बताया कि 17 किलोमीटर पैदल चलकर कावड़ लेकर श्रद्धालुओं ने शिव का अभिषेक किया है वर्षों से यह कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। कावड़ यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत भी किया मालूम हो कि सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर शहर के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। के छोटी-छोटी कावड़ यात्राएं भी शहर में निकाली गई उदयपुर स्थित नीलकंठ मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार पर 25000 से अधिक श्रद्धालुओं ने अभिषेक कर भगवान शिव के दर्शन किए वहीं गम का रिश्ते सिर्फ धाम में भी हजारों श्रद्धालुओं ने अभिषेक पूजा नार्कन किया।

### रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया गया जिसमें अपर सत्र न्यायाधीश ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कहा कि रक्षाबंधन हम सभी भारतवासियों के लिए एक पावन पर्व है इस दिन हर बहन अपने भाई को राखी बांधती है। इस शुभ आशा के साथ की उसका भाई जीवन भर उसकी और उसकी पवित्रता की रक्षा करेगा। यह बंधन एक ऐसा पवित्र बंधन है जिसमें एक बार वध जाने से उस रिश्ते का सम्मान बहुत बढ़ जाता है।

# जयकारों के साथ निकली कांवड़ यात्रा, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

देवपुर के विकास के लिए हम सदैव संकल्पित : शर्मा



**सिरोंज, देशबन्धु।** बाबा विश्वनाथ के जयकारों और केशरिया वस्त्र पहनकर कांधे पर कांवड़ लेकर सावन के अंतिम सोमवार को बाबा विश्वनाथ धाम सेवा समिति के तत्वाधान में कांवड़ यात्रा का आयोजीत की गई। समिति के संरक्षक एवं क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा एवं समिति सदस्यों द्वारा पाटीदार धर्मशाला स्थित नागेश्वर महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना उपरांत कृषि उपज मंडी प्रांगण से शुरू हुई कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का नगरवासियों एवं सामाजिक संगठनों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई यात्रा ने जब छतरी चौराहे से देवपुर की तरफ प्रस्थान किया तो नगर के समाजसेवियों ने इन श्रद्धालुओं के लिए खीर,फल फलाहार भंडारे के स्वागत पांडाल लगाए थे यहाँ हमेशा की तरह सोमवार को कांवड़ियों को प्रसादी वितरण की गई।

**बम भोले के जयकारों से गूंजा नगर:** कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए बाबा विश्वनाथ सेवा समिति के आव्हान पर हमेशा की तरह कांवड़िए सुबह 9 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर में एकत्रित होने लगे थे। करीब साढ़े बारह बजे पूजा अर्चना उपरांत यात्रा जब प्रारम्भ हुई तो बम बम भोले के जयकारों की गूंज पूरे शहर में सुनाई दी। कांवड़ यात्रा में महिलाओं सहित पुरुषों ओर उत्साहित नवयुवकों की ऐसी संख्या थी की जब यात्रा का पहला छोर जब छतरी चौराहे पर था तब अंतिम छोर कठाली बाजार के विद्यार्थी पथ पर दिखाई दे रहा था। समिति के आव्हान पर नागरिकों ने आकर्षक कांवड़ भी सजाई थी। समापन अवसर पर देवपुर में आयोजित कार्यक्रम के समापन पर समिति द्वारा इनको पुरस्कृत किया गया।

कांवड़ यात्रा के देवपुर पहुंचने पर हाल ही में विधायक उमाकांत शर्मा के विशेष प्रयासों से पर्यटन विभाग द्वारा यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनकर तैयार हुए सभा मंडप में आयोजित कार्यक्रम में विधायक शर्मा ने कहा कि देवपुर के विकास के लिए हम सदैव कृत संकल्पित है। जब लक्ष्मीकांत शर्मा मंत्री थे तब उन्होंने यहां के अनेक विकास कार्यो के साथ ही मंदिर तक जाने के लिए पुल सहित सौंदर्यीकरण के कार्य करवाए थे। आज में 55 लाख की लागत से बनकर तैयार हुए सभा मंडप का लोकार्पण करते हुए क्षेत्रवासियों के लिए समर्पित करता हूं। इसके अलावा 37 लाख की बनकर तैयार हुई गौशाला का भी उन्होंने लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में उन्होंने आरोन सिरोंज मुख्य मार्ग से विश्वनाथ मंदिर पहुंचने के लिए करीब 1 करोड़ 43 लाख की नवीन सड़क का भी भूमिपूजन किया इसके अलाबा ग्राम बचाखेड़ी से ग्राम हरिपुर तक के 1 करोड़ 23 लाख की लागत की सड़क की भी अधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कुल 3 करोड़ 59 लाख के भूमिपूजन लोकार्पण की सौगात भी कांवड़ यात्रा के दौरान प्रदान की।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### ज्ञानेश्वर मंदिर के पास कारों की टक्कर, कोई हताहत नहीं



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के मासोद रोड पर स्थित ज्ञानेश्वर मंदिर के पास रविवार शाम दो कारों की आपसी टक्कर हो गई। गनीमत रही कि इस टक्कर में कोई हताहत नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी अनुसार छिंदवाड़ा से एडवोकेट सुनील मानेकर अपने परिवार के साथ आठनेर जा रहे थे, कि तभी अचानक खेत से मुख्य मार्ग पर आ रही एक कर के साथ उनकी टक्कर हो गई। जिसके चलते दोनों कारों के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। एडवोकेट सुनील मानेकर ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ आठनेर जा रहे थे, जहां सोमवार उनके केस भी लगे हुए थे। मुलताई से निकले ही थे, कि अचानक ज्ञानेश्वर मंदिर के पास खेत से रोड पर आ रही एक कार उनकी कार से टकरा गई। जिसके चलते दोनो कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उनकी कार का टायर फट गया। कार की गति धीमी होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ।

### गर्म पानी से 25 प्रतिशत झुलसा बालक

**मुलताई, देशबन्धु।** शारदा नगर निवासी एक 2 वर्षीय बालक रविवार रात गर्म पानी से झुलस गया, उसे तत्काल परिजनों द्वारा सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार शारदा नगर निवासी संतोष सूर्यवंशी का 2 वर्षीय पुत्र क्रियांश सूर्यवंशी अचानक से गैस पर रखे गर्म पानी के बर्तन के पास पहुंच गया और गर्म पानी उसके ऊपर गिर गया। गर्म पानी गिरने के कारण बालक बुरी तरह से झुलस गया। जैसे ही परिजनों की नजर बालक पर पड़ी, उन्होंने तत्काल उसे लाकर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर हिमांशु धोटे द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। डॉक्टर द्वारा बताया गया कि बालक गर्म पानी से करीब 25% तक झुलस गया। उसका मुलताई अस्पताल में ही उपचार किया जा रहा है।

### कलाकारों ने गीतों से दी श्रद्धांजलि

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में रविवार रात 8 बजे मुलताई के कलाकारों ने स्व. मुकेश चंद्र माथुर के पुण्यतिथि पर न्यू कार्मल कान्वेंट स्कूल मैं आयोजित कार्यक्रम में अपने गीतों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 5 वर्षीय गायिका नेत्रिका पवार उपस्थिति रही। शहर के कलाकार अयूब खान, अनिल वर्मा, संजय चौकीकर, घनश्याम नामदेव, हमीद सनम, विजय मालवीय, रूपा कुशवाहा, जगदीश पवार, नितिन बारंगे, प्रवीण कुमार जैन, राजवर्धन नायर, गुड्डू पवार एवम जयवर्धन नायर ने एक से बढ़कर एक मुकेश साहब के गीतों की प्रस्तुति देखकर समा बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन अनीश नायर द्वारा किया। देर रात्रि लगभग 11 बजे तक कार्यक्रम चलता रहा। जिसमें शहर से बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

# साढ़े 5 लाख से अधिक बच्चों को खिलाई जाएगी कृमिनाशक गोली

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन**



**बैतूल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यशला का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आईपीपी-6 के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में सीएमएचओ डॉ. एके बारंगा ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 12 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें एक से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर-किशोरियों एवं 20 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को कृमिनाशक गोली का सेवन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य गतिविधियां जन-सामान्य का स्वास्थ्य सुधारने के लिए आयोजित की जाती है। कृमिनाशक गोली के सेवन से बच्चों के एनीमिया की समस्या में कमी पोषण आहार में सुधार रोग प्रतिरोधक क्षमता और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होता है। अभियान का मुख्य उद्देश्य कृमि से मुक्ति दिलाना है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.अरविंद कुमार भट्ट ने बताया कि कृमि मनुष्य की आंत में रहते है और जीवित रहने के लिये मानव शरीर से पोषक तत्व लेते हैं, कृमि होने पर दस्त, पेट दर्द, कमजोरी, उल्टी, थकावट, भूख न लगना आदि लक्षण पाये जाते हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.जगदीश घोरे ने बताया कि कृमिनाशक गोली खाली पेट न खिलाई जाये, उम्र अनुसार गोली 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली चम्मच में चूरा करके पानी में मिलाकर, 2 से 3 वर्ष के बच्चों को 1 गोली चम्मच में चूरा करके पानी में मिलाकर एवं 3 से 19 वर्ष वाले को पूरी गोली चबाकर खिलाई जाना है। संभागीय समन्वयक एएमबी प्रोग्राम दिनेश पांडेय ने बताया 12 सितम्बर को कुल 1 से 19 वर्ष तक के 556474 बच्चों को कृमिनाशक गोली खिलाई जाना है एवं छूटे हुये बच्चों को मापअप दिवस में 15 सितम्बर को कृमिनाशक गोली खिलाई जाएगी। कृमिनाशक गोली आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा एवं स्कूलों में शिक्षक द्वारा खिलाई जाएगी। डीपीएम डॉ.विनोद शाक्य ने बताया प्रतिकूल घटना होने पर जिला एवं ब्लाक स्तर पर प्रतिकूल घटना प्रबंधन दल का गठन किया जायेगा जो कि सूचना प्राप्त होने पर पहुंचकर आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य प्रबंधन करेंगे।

## सावन के अंतिम सोमवार पर शिव भक्ति में डूबा शहर



**मुलताई, देशबन्धु।** मां ताप्ती की पवित्र नगरी मुलताई में सावन का अंतिम सोमवार कावड़ यात्राओं के नाम रहा। जहां पूरे सावन माह भर मुलताई से विभिन्न क्षेत्रों के लिए कावड़ यात्रा निकली। अंतिम दिन अमला के नांदपुर, डहुआ और नरखेड से शिव भक्त मुलताई पहुंचे और मां ताप्ती का पावन जल लेकर अपने अपने क्षेत्र के लिए रवाना हुए।

**सात नदियों के जल से किया अभिषेक:** नरखेड के नागदेव मंदिर से पूजा अर्चना कर शिव भक्त सोमवार सुबह मुलताई पहुंचे। जहां ताप्ती सरोवर से पवित्र जल लेकर झिरी के लिए रवाना हुए। ग्राम नरखेड निवासी विजय मकोड़े, चंद्रशेखर खाड़े ने बताया कि सुबह 8:00 बजे नागदेव मंदिर से पूजा कर कावड़ यात्रा ने प्रस्थान किया। जो की मुलताई से ताप्ती जल लेकर दोपहर 2:00 बजे झिरी पहुंची। जहां पर भगवान भोलेनाथ का साथ नदियों के जल से अभिषेक किया गया। तत्पश्चात भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया।

**डहुआ और नांदपुर के शिव भक्त पहुंचे मुलताई:** सोमवार ग्राम डहुआ और नांदपुर से भी शिव भक्त बड़ी संख्या में मुलताई पहुंचे, जहां पर ताप्ती सरोवर में स्नान कर, कावड़ में ताप्ती जल भरकर, मुलताई से डीजे के साथ नाचते गाते झूमते हुए रवाना हुए। सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त कावड़ यात्रा में शामिल हुए। जिससे पूरा नगर शिव भक्ति में डूबा हुआ दिखाई दिया।

## पुलिया न बनने से विधायक निधि से बनी सड़क पर नहीं हो रहा आवागमन

**पटेल वार्ड वासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बताई समस्या**



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के पटेल वार्ड में पंप हाउस नंबर दो के पास विधायक निधि से बनी सड़क वार्ड वासियों के लिए अनुपयोगी साबित हो रही है। सोमवार वार्ड वासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि पंप हाउस नंबर दो के पास पुलिया नहीं बनी होने से विधायक निधि से बनी सड़क से आवाजाही संभव नहीं हो पा रही है। बारिश के दिनों में पानी भरने के कारण मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है, जबकि वर्तमान स्थिति में पानी जमाव न होने के बाद भी पुलिया नहीं होने के कारण वार्ड वासियों सहित बाजार आने वाले ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ता है। पुलिया नही होने से गंदे नाले में से मजबूरन आवागमन करना होता है, कई बार इस नाले में लोग फिसलकर गिर भी चुके है। वही नाले के दूसरी तरफ बने शिव मंदिर में पूजा करने जाने वाली महिलाएं भी मंदिर नहीं जा पा रही है। पटेल वार्ड निवासी दिलीप पवार, लखन पाठेकर, ढोंढू पवार, रविशंकर पवार, साबिर भाई, रमजान भाई, ताराचंद्र देशमुख, कंचन बाई, लोकेश साहू, मोहम्मद यूनुस आदि ने बताया कि सड़क बनने के बाद नगर पालिका द्वारा पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया। जिसके कारण मार्ग से आवागमन नहीं हो पा रहा है और सड़क अनुपयोगी साबित हो रही है। इस समस्या के निदान के लिए वार्ड वासियों ने एकजुट होकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी से शिकायत की और जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग रखी।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के सामने कई नेताओं ने जताई दावेदारी

**कपूर का कांग्रेसियों ने आमला और सारनी में किया स्वागत**



**सारनी, देशबन्धु।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय कपूर का आमला एवं सारनी में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को 100 दिन का समय बचा हुआ है ऐसे में कांग्रेस में आमला विधानसभा क्षेत्र से कई नेताओं ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने का काम किया है। आमला के माथनकर लान में सोमवार को दोपहर में हुए कार्यक्रम में मनोज मालवे,विजय पारधी, मोनिका निरापुरे,सीमा अतुलकर,हितेश निरापुरे किरण झारबडे के माध्यम से आमला विधानसभा से अपनी दावेदारी प्रस्तुत की।

आमला विधानसभा क्षेत्र से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव के पद पर सारनी के तिरुपति एरुलू को स्थान दिए जाने पर उनका शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एरुलू ने भावुक होकर कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता ही कांग्रेस की रीढ़ है और कांग्रेस की रीढ़ तभी मजबूत होगी जब कांग्रेस के उच्च शीर्षक पर बैठे पदाधिकारी कांग्रेस के छोटे कार्यकर्ताओं को सम्मान और उनका मान बढ़ाने का काम करेंगे। सारनी जैसे छोटे क्षेत्र से मुझे मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी का सचिव मनोनीत किया गया है। यह मेरे लिए एवं मेरे क्षेत्र के लिए बड़ी बात है । प्रदेश प्रभारी संजय कपूर का वार्ड क्रमांक एक में तिरुपति एरुलू के आवास के समक्ष आतिशबाजी कर बजे गाजे के साथ स्वागत किया गया। उसके बाद न्यू शॉपिंग सेंटर और फिर शॉपिंग सेंटर में स्वागत किया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक कांग्रेस मंडलम कार्यालय में आयोजित हुई। यहां पर किरण झारबड़े ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर किशोर चौहान,मोहम्मद इलियास,बटेश्वर भारती, भगवान जावरे,राजेंद्र मने,नारायण खातरकर, हरीश पाल,प्रवीण पाल, हेमंत धोटे,भूषण कांति, गोविंद एरुलू, सीएम बेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मशहूर गायक मुकेश की याद में जैसानी चौक पर हुई श्रद्धांजलि सभा



**हरदा , देशबन्धु।** मशहूर गायक स्व. मुकेश की 47 वी पुण्यतिथि पर रविवार शाम को जैसानी चौक पर कराओके आर्केस्ट्रा द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान गायक कलाकारों ने स्व.मुकेश द्वारा गाए हुए भूले बिसरे गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान आर्केस्ट्रा कलाकार राजेश सांगुले, डॉक्टर संजय शर्मा ,जितेंद्र रोडगे कमल महोबिया एवं निशांत ने उनके गाए हुए गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना की गई।मुख्यातिथि के रूप में पार्षद मनोज महलवार ,विधायक प्रतिनिधि प्रियंका दुबे ,चंद्रकांत शुक्ला आदि उपस्थित रहे। कराओके ग्रुप द्वारा प्रियंका दुबे व भारती बैरागी का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। कराओके ग्रुप के संजय शर्मा ने बताया की प्रसिद्ध गायक स्व मुकेश कुमार आज भी गीत के माध्यम से हमारे दिलो में जीवित है ,आज की युवा पीढ़ी आज भी उन्हें याद करती है। जमना जैसानी फाउंडेशन के सदस्य शांति कुमार जैसानी ने कहा की ऐसे आयोजन को सरकार के माध्यम से बड़े स्तर पर करना चाहिए। पार्षद मनोज महलवार ने कहा कि हरदा में एक ऑडिटोरियम संगीत में रुचि रखने वाले लोगो के लिए हरदा में बनाना चाहिए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रोताओं ने उपस्थित होकर संगीत का आनंद लिया।

## निजी क्लीनिक के डॉक्टर पर गलत दवाई देने से बच्चे की मौत का आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** एक निजी क्लीनिक के डॉक्टर पर गलत उपचार से बेटे की मौत हो जाने का आरोप पिता ने लगाया है। शोभाराम पिता दयाराम बारस्कर निवासी भीमपुर ब्लॉक बिच्छू टेकडी ने थाना मोहदा में शिकायत कर आरोप लगाया कि दामजीपुरा के डॉक्टर सरफराज और तबरेश खान के इलाज के बाद पुत्र की हालत बिगड़ी और खंडवा में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

शिकायतकर्ता ने बताया कि वह काश्तकारी का कार्य करता है। 1 अगस्त को उनके पुत्र किशोरी को पेट दर्द बुखार आने के कारण इलाज कराने के लिए डॉक्टर सरफराज खान के पास दामजीपुरा में ले गया था। डॉक्टर के द्वारा पुत्र का इलाज किया गया, गोली दवाई दी गई। पुत्र का स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण फिर दूसरे दिन डॉक्टर के पास दिखाने के लिए गए तो डॉक्टर के द्वारा गोली दवाई बदलकर दूसरी दवाई दी गई, फिर भी आराम न लगने के कारण उन्होंने खण्डवा के अस्पताल में पुत्र को भर्ती करवाया। जहां पर पुत्र का इलाज किया गया। वहां के डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि गलत गोली दवाई देने के कारण रियेक्शन हो गया है। 4 दिन तक खण्डवा में पुत्र भर्ती रहा 16 अगस्त को उसकी मौत हो गई।

### गुप्तेश्तेर महादेव में किया विशेष श्रृंगार

**आठनेर, देशबन्धु।** नगर क्षेत्र के पास स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण के अंतिम सोमवार पर विशेष श्रृंगार किया है। सोमवार सुबह से श्रद्धालुओं ने ऊं नम शिवाय के जाप से पंचामृत अभिषेक कर सुख-समृद्धि की। श्रावण सोमवार को भगवान की महाआरती के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। समिति के सभी सदस्यों ने भगवान शिव अभिषेक कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।।

## गोल्डन बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**बैतूल, देशबन्धु।** सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में रविवार को डीएफए गोल्डन बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि निलय डागा, स्कूल की निदेशक दीपाली डागा, डीएफएबैतूल के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल उपस्थित थे। 7, 9, 11 और 13 वर्ष आयु वर्ग के तहत लगभग 10 स्कूल भागीदारी के लिए आए थे। बेबी लीग के उद्घाटन में सभी आयु वर्ग के लगभग 170 छात्रों ने भाग लिया।

जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में अधिक भागीदारी होगी क्योंकि माता-पिता अपने बच्चों को इस बेबी लीग के लिए पंजीकृत कराने के लिए उत्सुक हैं। आयोजकों ने बताया कि डीएफए का मुख्य सपना यह सुनिश्चित करना है कि जमीनी स्तर के बच्चों को फुटबॉल के इस अद्भुत खेल को खेलने के लिए उचित समय मिले। जैसा कि पूरे बैतूल में अच्छा खिलाड़ी तैयार करने पर ध्यान दिया जा सके। जिसकी शुरुआत छोटी उम्र से ही हो जाती है, और डीएफए इसी पर काम कर रहा है। बच्चों को खेल के लिए अधिक समय देना, क्योंकि खिलाड़ियों को प्रति वर्ष लगभग 20 प्रतियोगिता मैच की आवश्यकता होती है। तकनीकी प्रमुख गब्राल गोम्स सहायक तकनीकी प्रमुख प्रवीण यादव ने बताया यह बेबी लीग बालक एवं बालिकाओं दोनों के सहित सभी खिलाड़ियों को लगभग 25 से अधिक मैच खेलने का मौका देती है। आज के उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में प्रतिभागी थे और सभी का आना और उत्साहवर्धन करना अद्भुत था।

### पटवारी का स्थांनातरण रुकवाने ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम करपा और बरई के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार मुलताई तहसील कार्यालय पहुचकर एसडीएम को ज्ञापन सौपते हुए पटवारी का ट्रांसफर रुकवाने की मांग की। ज्ञापन सौपने आए ग्रामीणों ने बताया कि पटवारी ऊपकार सिंह चौहान की अच्छी कार्य प्रणाली को देखते हुए हम लोग उनका ट्रांसफर रुकवाने के लिए सैकड़ो की संख्या में एसडीएम कार्यालय आए है। उन्होंने बताया कि पटवारी अपने कार्य के प्रति समर्पित है, ऐसे अच्छे पटवारी का ट्रांसफर हमारे गांव से न हो। आपको बता दें क्षेत्र के इतिहास में यह पहला मौका है जब सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण तहसील कार्यालय पहुंचे और पटवारी का ट्रांसफर रुकवाने की मांग की। ग्राम करपा के सरपंच राजू हजारे तथा ग्राम बराई के सरपंच युवराज खवसे, उपसरपंच श्याम किशोर परिहार सहित जनपद सदस्य दिलीप पठाडे, सुनील गिरहरे व करपा ग्राम के चंद्रशेखर पटेल, राकेश बुवाडे ,रमेश बोबडे, कारू पाठेकर , ईश्वर बोबडे, नरेश चिकाने, धनराज परिहार और शंकर सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

*सिरडी, पाठाखेड़ा सहित आधा दर्जन गांवों में प्लांट क्लीनिक आयोजित*

# मौसम को लेकर किसानों को दी खरीफ फसलों के रखरखाव की सलाह



**बैतूल, देशबन्धु।** खरीफ बुआई के पश्चात किसानों को खरपतवार नियंत्रण के उपाय, कीट एवं रोगों के लक्षण निदान, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरकों के उपयोग की सलाह देने, जैविक खाद/उर्वरक का उपयोग, कुटकी फसल की बुआई हेतु तकनीकि जानकारी देने, फसल विविधीकरण की उपयोगिता, कृषकों को एमपी किसान एप पर रजिस्ट्रेशन करवाने एवं पशु पालन विभाग के योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जिले में क्लस्टर पंचायत स्तर पर प्लांट क्लीनिक आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को मुलताई विकासखंड के ग्राम चौथिया एवं करपा, चिचोली विकासखंड के ग्राम पाठाखेड़ा एवं चूनाहजूरी, प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम सिरडी और मासोद क्लस्टर पंचायतों में प्लांट क्लीनिक आयोजित किए गए। इन प्लांट क्लीनिक में कृषकों को कृषि संबंधित समसामयिक सलाह दी गई। इसके अलावा उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने भी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। प्लांट क्लीनिक दलों में कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी ने मौजूद रहकर किसानों को उपयोगी सलाह दी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## सार समाचार

### गर्ल्स कालेज से सोनासांवरी पहुंची मतदाता जागरूकता रैली



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में आज मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत एनएसएस के स्वयं सेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय से न्यासस कॉलोनी एवं गोद ग्राम सोनासांवरी तक ले जायी गयी।

ग्रामवासियों को मतदान संबंधी आवश्यक निर्देश दिये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा प्रत्येक व्यक्ति का वोट बेहद कीमती होता है। मतदान हमारे देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग है। रैली में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

### अतिरिक्त यातायात क्लियर करने इंटरसिटी में दो अतिरिक्त कोच लगेंगे

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बढ़ते यात्री यातायात एवं प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस में द्वितीय श्रेणी के दो अतिरिक्त कोच अस्थायी रूप से लगाए जा रहे हैं। यह अतिरिक्त कोच गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति-अधारताल इंटरसिटी एक्सप्रेस में दिनांक 29, 30 एवं 31 अगस्त 2023 को रानी कमलापति स्टेशन से गन्तव्य के लिए लगाए जाएंगे।

### जानिये, कब मनाया जाना चाहिए रक्षाबंधन का पर्व

**इटारसी, देशबन्धु।** श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के दिन भद्रारहित अपराह्नकाल में रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा शास्त्रों के अनुसार भद्रा के समय रक्षाबंधन का पर्व (राखी बांधना) वर्जित है।

धार्मिक विद्वान पंडित प्रभात शर्मा के अनुसार इस वर्ष द्वितीय श्रावण शुक्ल पूर्णिमा 30 अगस्त दिन बुधवार को प्रातः 10:59 बजे से प्रारंभ है और 31 अगस्त को प्रातः 07:06 बजे समाप्त होगी। भद्रा का समय 30 तारीख को प्रातः 10:59 से रात्रि 09:02 बजे तक है। 31 अगस्त दिन गुरुवार को पूर्णिमा मात्र 10 घटी 52 पल है जो कि त्रिमुहूर्त से कम है। अतः इस दिन रक्षाबंधन करना उचित नहीं है। अतः 30 अगस्त 2023 दिन बुधवार को ही भद्रा के समय उपरांत रात्रि 09:02 बजे के बाद रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाना शास्त्र सम्मत होगा।

सीएमओ ने दिए स्वच्छता कर्मियों को कड़े निर्देश

# व्यवस्था में सुधार लाएं, नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई

**इटारसी, देशबन्धु।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा शहर के वार्डों का दौरा कर वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। अपने निरीक्षण दौरे के दौरान सीएमओ ने कई जगह अव्यवस्था मिलने पर वार्ड मुकद्दम को इसमें सुधार के निर्देश दिये हैं। उन्होंने गंदगी नहीं होने देने और सफाई व्यवस्था पर फोकस रखने के निर्देश दिये। जहां गंदगी दिखी, वहां सख्ती से काम में सुधार लाने के निर्देश दिये।



सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा ने वार्ड क्रमांक 33, 34 और 05 में निरीक्षण किया तथा अव्यवस्था मिलने पर कर्मचारियों को व्यवस्था में सुधार करने के सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के काम में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नाला मोहल्ला क्षेत्र, आसफाबाद, खेड़ा और बंगलिया क्षेत्र में निरीक्षण किया। श्रीमती मेहरा ने बताया कि कई जगह रोड पर निर्माण सामग्री मिली, जिनको हटवाने के निर्देश मुकद्दम को दिये हैं। जिनकी सामग्री है, उनको नोटिस देकर निर्माण सामग्री हटवायी जाए, यदि काम में लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कचरा अड्डों से समय पर कचरा हटाने के निर्देश भी दिये।

सीएमओ श्रीमती मेहरा ने वार्डों में पहुंचकर हाजिरी रजिस्टर चेक किये और कर्मचारियों की उपस्थिति जांची। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कर्मचारियों की फर्जी हाजरी मिली तो वार्ड मुकद्दम जिम्मेदार होंगे। सीएमओ ने चुनावों के लिए निर्धारित बूथों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह से शहर में सभी वार्डों में आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा, किसी प्रकार की लापरवाही मिली तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खाली प्लाट्स वालों को भी नोटिस देने के निर्देश दिए और कहा कि जिनके खाली प्लाट हैं, वे या तो बाउंड्री कर लें या निर्माण कर लें, खाली प्लाट पर गंदगी मिली तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने फिर दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत संवेदनशील और क्रिटिकल मतदान केंद्रों के चिन्हांकन और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों का विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों को निर्धारित वीएम फॉर्म के बिंदुओं पर संवेदनशील मतदान केंद्रों की मैपिंग पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी और सेक्टर अधिकारी संयुक्त रूप से अपने मतदान केंद्रों का भ्रमण करें। इसी प्रकार क्रिटिकल मतदान केंद्रों की भी मैपिंग की जाए। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 28 अगस्त से लेकर 31 तक प्रत्येक मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत एवं नगरपालिका के अमला द्वारा घर घर जाकर छूटे हुए मतदाताओं के फॉर्म भराएं जाएं। सेक्टर अधिकारी भी फील्ड में रहकर नव मतदाताओं और महिलाओं के नाम जुड़वाए। सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्वाचन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को सीआरपीसी के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप आपराधिक प्रकरणों में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग को अवैध शराब के विक्रय और परिवहन पर प्रभावी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश खनिज एव राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नर्मदापुरम को निराश्रित मवेशियों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मवेशियों को गोशालाओ में शिफ्ट कराएं। मवेशी मालिकों के खिलाफ भी नोटिस और जुर्माने की कार्यवाही करें। दस्तक अभियान की भी समीक्षा कर कलेक्टर ने गंभीर कुपोषित बच्चे, जन्मजात विकृतियां, हृदय रोग सहित अन्य रोग से पीड़ित बच्चों की जानकारी ली और उनके बेहतर उपचार प्रबंधन किए जाने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। उन्होंने कहा कि दस्तक अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने विकास यात्रा और विकास पर्व के दौरान भूमि पूजन किए गए निर्माण कार्यों की स्थिति की जनपद एवं निकायवार समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने और अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आरसीएमएस में दर्ज़ प्रकरणों की भी कलेक्टर ने तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिए।

उन्होंने धारणाधिकार, सीमांकन, नामांतरण बटवारा के प्रकरणों का समय पर निराकरण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर तक लगातार पेशी लगाकर प्रकरणों का निराकरण कराएं। निर्धारित दिनों पर अनिवार्य रूप से कोर्ट संचालित करें। बीना सक्षम अनुमति के कोर्ट का दिन रिक्त न हो। उन्होंने संबल योजना के पंजीयन में भी प्रगति लाने के निर्देश सभी सीईओ एवं सीएमओ को दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई के प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण में विशेष ध्यान दें। 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन और खाद की उपलब्ध एवं वितरण की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

# निर्वाचन जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी में आज निर्वाचन जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सरदार सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहे पर समापन किया गया। प्राचार्य डॉ मेहता ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग और प्रदेश मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जागरूकता के प्रयास किया जा रहे हैं ताकि 18 वर्ष के प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में अवश्य सम्मिलित हो जाए। जिससे निर्वाचन का प्रतिशत तो बढ़ेगा ही लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी भी बढ़ेगी और अच्छे प्रतिनिधि का चयन हो सकेगा, जो देश और राष्ट्र के विकास के लिए गति प्रदान कर सकेगा।

उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रजातंत्र के महायज्ञ में मत रूपी आहुति आवश्य अर्पित करनी चाहिए जिससे लोकतंत्र के प्रति विश्वास बना रहे। नोडल अधिकारी डॉ. संतोष अहिरवार ने भी अपने विचार रखे। 28 से 31 अगस्त तक प्रतिदिन निर्वाचन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महाविद्यालय के द्वारा टीम बनाकर जागरूकता के कार्यक्रम किये जा रहे हैं। जिन विद्यार्थियों की आयु 17 वर्ष से ऊपर है उनके फॉर्म 6 भरवाये जा रहे हैं, ऐसे विद्यार्थी हिंदी विभाग में आकर अपने फार्म जमा करें।

इस रैली में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ रश्मि तिवारी, डॉ. असुंता कुजूर, सुशीला वरवडे, डॉ मनीष कुमार चौरे, डॉ. आशुतोष मालवीय, डॉ. दुर्गेश लसगरिया, मीरा यादव, श्रुति अग्रवाल, प्रदीप दीवान आदि प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कॉलेज लेवल काउंसलिंग का छठवां चरण प्रारंभ 1 सितंबर तक कर सकेंगे नवीन पंजीयन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय, निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए ऑनलाइन प्रवेश का छठवां कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण 28 अगस्त 2023 से प्रारंभ किया जा रहा है। आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 15 सितंबर तक किया जा सकेगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 की प्रवेश प्रक्रिया में वर्तमान में पांच कॉलेज लेवल काउंसलिंग संचालित की जा चुकी है। इसमें 28 अगस्त से 1 सितंबर तक विद्यार्थी नवीन पंजीयन और सभी विद्यार्थी चॉइस फिलिंग कर सकेंगे। स्नातक प्रथम वर्ष और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी ऑनलाइन दस्तावेजों का सत्यापन 29 से 4 सितम्बर 2023 तक कर सकते हैं। प्रावीण्य सूची 6 सितंबर को महाविद्यालय की सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। विद्यार्थी आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान कर आवश्यक होने पर प्रवेश के लिए इच्छित महाविद्यालय में पाठ्यक्रम,विशेष समूह के अपग्रेडेशन 6 से 12 सितंबर 2023 तक कर सकते हैं। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थान गुणानुक्रम के आधार पर शेष आवेदकों को आवंटन पत्र 13 सितंबर को जारी किया जाएगा। अपग्रेडेशन से रिक्त स्थानों पर आवंटित आवेदकों को महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 13-15 सितंबर 2023 की मदद करना होगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पूरक विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम दो दिवस में घोषित किया जाना है। प्रवेश प्रक्रिया का यह अंतिम चरण होगा जिसमें पूर्व पंजीकृत आवेदक तथा नवीन आवेदक चॉइस फिलिंग कर सकेंगे और अपनी पसंद के महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकेगें।

# कलेक्टर ने बीएसडब्ल्यू की छात्राओं को दिया मार्गदर्शन



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** द भोपाल स्कूल ऑफ़ सोशल साइंस महाविद्यालय भोपाल की बीएसडब्ल्यू की छात्राओं ने सोमवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह से भेंट की। बीएसएस भोपाल की 50 छात्राएं एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट पर नर्मदापुरम पहुंचे थे। कलेक्टर ने छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सकारात्मक सोच और सतत प्रयासों से समाज में परिवर्तन लाया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि प्रमुख सामाजिक मुद्दे है। इन क्षेत्रों में मध्यप्रदेश शासन द्वारा निरंतर बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए आवश्यक है कि सबसे पहले हम प्रमुख सामाजिक समस्याओं को समझें।

समस्या से जुड़े आयाम, कारण को अच्छे से जानकर उनके निदान के बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्य करें। जिसका लाभ समाज को मिले। कलेक्टर ने कहा कि जनहित से जुड़े किसी भी कार्य और योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए उसमें आमजन की सहभागिता आवश्यक हैं। समय समय पर इन कार्यों में आवश्यकता अनुसार परिवर्तन भी आवश्यक होते है। निरंतर छोटे छोटे प्रयासों से बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।

उन्होंने छात्राओं को नर्मदापुरम की आर्थिक, भौगोलिक एवं सामाजिक विशेषताओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कृषि , पशुपालन, पर्यटन के विकास के लिए शासन स्तर पर किए गए प्रयासों के बारे में भी बताया। उन्होंने प्रशासनिक कार्य प्रणाली के बारे में भी छात्राओं को जानकारी दी। साथ ही छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सरल ढंग से उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा का समाधान भी किया। विद्यार्थियों ने कॉलेज के सेवाभावी प्रोजेक्ट देव आहारम और नॉलेज ऑन व्हील के विषय में बताया जिसकी सराहना भी कलेक्टर महोदय द्वारा की गई। इस अवसर पर कॉलेज के सहायक प्राध्यापक पीयुष पोरवाल, सहायक प्राध्यापक एवं ड्रामा प्रोडक्शन इंचार्ज सुरभि नामदेव उपस्थित रहीं।

# साख सहकारी समिति के चुनाव में एआईडीईएफ को मिली सफलता



**इटारसी, देशबन्धु।** सीपीई कर्मचारी साख सहकारी सोसायटी मर्यादित इटारसी के संचालक मंडल के सदस्यों हेतु निर्वाचन में 18 प्रत्याशी थी जिसमें से कामगार यूनियन के छह और बीपीएमएस के तीन प्रत्याशियों को सफलता मिली। 2 महिला प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध विजय हो गई थी। 9 सीट के लिए चुनाव संपन्न हुए। शालिनी पगारे और प्रीति उइके पहले ही निर्विरोध जीत चुकी थीं। चुनाव में सुभाष राजपूत 55, दिलीप सोलंकी 46, गुरविंदर सिंह 45, सुरेंद्र धुर्वे 40, विनोद कलोशिया 39, अतुल श्रीवास 37, अमर सिंह 36, सतेन्द्र सिंह 36, महेंद्र चौधरी 36 वोट लेकर विजयी रहे। सभी विजय प्रत्याशियों ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# चंद्रयान-3 का मॉडल न्यास कॉलोनी पार्क में बनाएगी नगरपालिका

## नपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद सभापति ने किया भूमिपूजन



**इटारसी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनुकरण करते हुए विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा ने स्पेस विज्ञान को बढ़ावा देने इटारसी में चंद्रयान 3 का मॉडल बनाने की घोषणा की है। घोषणा के साथ ही इस कार्य का भूमिपूजन नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। न्यास कॉलोनी स्थित नवनिर्मित पार्क में चंद्रयान 3 का मॉडल, उसकी पूरी यात्रा को दीवारों पर उकेरा जाएगा। इस पार्क का नाम शिवशक्ति चौपाल होगा।

इस भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद व सभापति अमृता मनीष ठाकुर, सभापति राकेश जाधव, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, भाजपा मंडल महामंत्री राहुल चौरे सहित अन्य मौजूद थे। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सिंह ठाकुर ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की मंशा पर पार्क में चंद्रयान 3 के मॉडल व उसकी यात्रा को दीवार पर चित्र के माध्यम से दर्शाने का निर्णय लिया है।

### बहनों ने किया भूमिपूजन-

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां आगामी योजनाओं का भूमिपूजन लाड़ली बहनों से कराया। नपाध्यक्ष अभी लगातार लाड़ली बहनों से नपा के कार्यक्रमों के भूमिपूजन करा रहे हैं।

# नए बस स्टैंड से हो बसों का संचालन



**इटारसी, देशबन्धु।** आज सोमवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, सांसद उदय प्रताप सिंह एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए निर्णय अनुसार आरटीओ निशा चौहान के निर्देश पर विभाग की टीम ने इटारसी पहुंचकर पुराने बस स्टैंड स्थित बस संचालकों एवं बस चालकों को बैतूल रोड स्थित नए बस स्टैंड में बसों को खड़ा करने, सवारी भरने एवं संचालन करने के निर्देश दिए।

पुराने बस स्टैंड से ऐसी बसें जिनका स्टापेज समय अधिक है, उन्हें नए बस स्टैंड से वाहन संचालन के निर्देश दिए। बस संचालकों द्वारा लिखित आश्वासन दिया है कि आने वाले समय से निर्देशित बसों का संचालन नए बस स्टैंड से ही किया जाएगा। कलेक्टर ने सीएमओ इटारसी को जल्द ही सारी यात्री सुविधाओं को नए बस

# नर्मदापुरम पत्रकार संघ करेगा निजी स्कूलों के शिक्षकों को सम्मान

- **एक शिक्षक के साथ, संचालक का सम्मान भी किया जाएगा**
- **सम्मान के लिए किसी स्कूल से कोई पैसा नहीं लिया जाएगा**

**इटारसी, देशबन्धु।** निजी स्कूलों के एक एक संचालक एवं स्कूल के एक शिक्षक का सम्मान नर्मदापुरम पत्रकार संघ इटारसी करेगा। निजी स्कूल के संचालकों को किसी व्यक्ति अथवा संगठन को कोई रुपए देकर के अपने शिक्षक का सम्मान कराने की आवश्यकता नहीं है।

नर्मदापुरम पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद पगारे ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र की मुख्य धारा में बच्चों को जोड़ते हैं और संचालक पैसे देकर अपने स्कूल के शिक्षक का सम्मान कराएं यह उचित नहीं है। नर्मदापुरम पत्रकार संघ इटारसी ने यह निर्णय लिया है कि शिक्षक दिवस के अवसर पर 9 सितंबर को एक भव्य समारोह में सामूहिक भोज के साथ प्रत्येक स्कूल के एक संचालक एवं एक शिक्षक का सम्मान किया जाएगा। संपूर्ण आयोजन का व्यय पत्रकार संघ वहन करेगा। उन्होंने कहा की एक श्रेष्ठ शिक्षक के साथ स्कूल संचालक की भी अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसीलिए उनका भी सम्मान होगा। श्री पगारे ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह के लिए एक आयोजन समिति बनाई गई है।

### ये हैं आयोजन समिति में

जितेंद्र ओझा संयोजक, सुश्री मंजू ठाकुर सहसंयोजक, आलोक गिरोटिया सह संयोजक, धर्मेंद्र रणसूरमा सहसंयोजक, सचिव भूपेंद्र विश्वकर्मा और मीडिया प्रभारी बसंत चौहान होंगे। समिति में कन्हैया गोस्वामी, रोहित नागे, अनिल मिहानी, मनीष सिंह ठाकुर, संजय शर्मा, मंगेश यादव, मनोज कुंडू, अरविंद शर्मा, राजेश दुबे, राहुल शरण, पुनीत दुबे,शैलेश जैन, सुधांशु मिश्रा, विनय मालवीय, इंद्रपाल सिंह, मुकेश गांधी, गिरीश पटेल, कृष्णा राजपूत, सुनील दुबे, दिलीप शर्मा, राजकुमार बावरिया, मनोज तिवारी, रामबाबू अहिरवार, कुशल नवथले, बीएल श्रीवास्तव, खेमराज परिहार, बलराम मिश्रा, राकेश पटेल, शैलेंद्र शर्मा, शैलेन्द्र पाली, पुनीत मालवीय, ओमप्रकाश पटेल, संजय शिल्पी, विनीत चौकसे, संजय यादव, प्रदीप तिवारी, पुरुषोत्तम झलिया मेट्रो, तुषार सपकाल शामिल किए हैं।

पगारे ने समस्त प्राइवेट स्कूल संचालकों से अनुरोध किया है वह किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को रुपया न दें। शिक्षकों का सम्मान करना समाज का दायित्व है, स्कूल के संचालक से पैसा लेकर स्कूल के शिक्षक का सम्मान करना यह सामाजिक बुराई है। इसलिए संकल्प लिया है कि प्रतिवर्ष निजी स्कूल के एक-एक संचालक एवं एक-एक शिक्षक का सम्मान नर्मदापुरम पत्रकार संघ करेगा। इस वर्ष यह आयोजन 9 सितंबर को प्रस्तावित किया है। सभी प्राइवेट स्कूलों के संचालकों से निवेदन है पर अपना नाम एवं एक योग्य शिक्षक का नाम सम्मान हेतु प्रेषित करें, प्रमोद पगारे पत्रकार अध्यक्ष नर्मदा पुरम पत्रकार संघ इटारसी। 94250 44714 के शिक्षक सम्मान समारोह व्हाट्सएप ग्रुप में स्कूल के एक शिक्षक का नाम स्कूल का नाम एवं एक संचालक का नाम भेजने की कृपा करें।

'राखी संग पाती' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बंधवाई राखी, बहनों से बोले-

# आपके स्नेह और प्यार ने भाव-विभोर कर दिया



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मेरी सभी लाड़ली बहनों के अपार प्यार और स्नेह ने भाव-विभोर कर दिया है। प्रदेश भर से बहनें मुझे राखियां बांधने आई हैं। यह राखियां किसी दुकान से नहीं खरीदी गईं, बल्कि बहनों ने स्वयं बनाई है। यह आपका स्नेह और प्यार ही है, जो मुझे और बेहतर काम करने का संबल प्रदान करता है। वह मुख्यमंत्री आवास में भाजपा महिला मोर्चा के राखी संग पाती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से प्रदेश की 1.25 करोड़ बहनों के खातों में 1 हजार रुपए प्रति महीने भेजे जा रहे हैं। कल ही बहनों के खाते में 250 रुपए अग्रिम राशि के रूप में भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि आज बहनों ने अपने ह्दय की पूरी ममता उड़ेल दी है, इससे बड़ा प्यार और आशीर्वाद और क्या हो सकता है। मध्यप्रदेश सरकार ने बहनों और बेटियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना से लाभांवित प्रदेश की 46 लाख बेटियां आज कॉलेजों में पहुंच गई हैं। उनकी पढ़ाई-लिखाई का पूरा खर्चा प्रदेश सरकार उठा रही है। भाजपा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भागीरथी प्रयास किए हैं।

इस दौरान प्रदेश भर के मंडलों से आईं महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष को स्वनिर्मित राखियां बांधी और भाइयों की लंबी आयु की कामना की। साथ ही लाड़ली बहना योजना, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने बहनों द्वारा बनाई गईं राखियां देखी एवं उनकी पातियों का पाठन किया। वहीं महिला मोर्चा की बहनों को उपहार भेंटकर बहनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया, मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिता पाठक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, महापौर श्रीमती मालती राय, पार्टी की प्रदेश मंत्री श्रीमती लता गुड्डू वानखेड़े, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा, मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती अश्विनी परांजपे, श्रीमती माया पटेल सहित मोर्चा की पदाधिकारी व बहनें मौजूद थीं।

### भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाया : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने महिला मोर्चा की सभी सदस्यों से आह्वान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने के संकल्प के साथ जुटें। पूर्ण विश्वास है कि आपके परिश्रम से मध्यप्रदेश में भाजपा विजय का नया इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता की बात है कि आज राखी संग पाती कार्यक्रम में प्रदेश के कोने-कोने से हमारी बहनें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को राखी बांधने आई हैं। इस कार्यक्रम के लिए उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा को बधाई भी दी।

## मुख्यमंत्री ने सपत्निक महाकाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धर्म पत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान के साथ श्रावण माह के अन्तिम सोमवार 28 अगस्त को उज्जैन पहुँचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। पं. प्रदीप गुरू ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। मुख्यमंत्री ने सोमवार को श्री महाकाल लोक में ई-रिक्शा से भ्रमण किया। उन्होंने श्री महाकाल लोक के दर्शन के लिये आये श्रद्धालुओं का अभिवादन किया तथा कहा कि भगवान महाकालेश्वर सभी का कल्याण करें, सबका मंगल हो।



भाजपा प्रदेश के 5 स्थानों से निकालेगी जन आशीर्वाद यात्राएं, तोमर ने कहा-

# विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी भाजपा



## सरकार की उपलब्धियों और विपक्ष के घोटालों को जनता के बीच ले जाएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं भाजपा की प्रदेश चुनाव अभियान समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भाजपा प्रदेश में विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अभूतपूर्व काम किए हैं और जनहितैषी योजनाओं को लागू किया है, जिससे करोड़ों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और संवरा है।

श्री तोमर ने आज यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 5 स्थानों से निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान पार्टी केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगी और एक बार फिर भाजपा सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद मांगेगी। इसके साथ ही विपक्ष के घोटालों को भी लोगों के बीच रखा जाएगा। श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 2003 से पहले मध्य प्रदेश जिस दुरावस्था में था, भाजपा की सरकार ने उसमें आमूलचूल परिवर्तन किया है। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार ने सर्वांगिण विकास की सोच पर काम किया है। इसलिए आज देशभर में प्रतिस्पर्धा होती है तो मध्य प्रदेश आगे बढ़ता हुआ प्रदेश दिखाई देता है, यह गर्व का विषय है। उन्होंने बिना नाम लिए कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि प्रतिस्पर्धी दलों की कथनी और करनी में अंतर है। आज उनके पास कोई कार्यक्रम नहीं है, कोई मुद्दा नहीं है, कोई उपलब्धि नहीं है, इसलिए वे राजनीति को गंदा करने का प्रयास करते हैं। श्री तोमर ने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास लोगों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मध्य प्रदेश 2047 में देश को विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दे, इसके लिए आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के संकल्प के साथ भाजपा सरकार काम कर रही है।

### मुख्यमंत्री चेहरे के सवाल पर बोले-संसदीय बोर्ड तय करेगा

प्रदेश में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर चुनाव न लड़ने के सवाल पर श्री तोमर ने कहा कि सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। इससे जुड़े अन्य सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी में कुछ चीजें मेरे द्वारा तय होती हैं, कुछ फैसले अध्यक्ष लेते हैं, कुछ चीजें संसदीय बोर्ड तय करता है। जब तक कोई चीज तय नहीं होती है, मैं उसका जवाब नहीं दे सकता। हालांकि उन्होने इशारों में ये भी कहा कि आपको संदेह करने की जरुरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं, वे जन आशीर्वाद यात्रा में प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

शाह 3 सितंबर को चित्रकूट में करेंगे शुभारंभ

## विकास के काम और संगठन की मजबूती पार्टी की ताकत : शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पत्रकार वार्ता में जन आशीर्वाद यात्रा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गरीब जो दशकों बाद भी विकास से वंचित थे, उसका भाजपा सरकार ने विकास किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो काम हो रहे हैं, उससे प्रदेश में राह-राह विकास है और डगर-डगर गरीब खुशहाल है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार ने विकास और गरीब कल्याण के संकल्प को पूरी जवाबदेही के साथ साकार किया है।

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा के लिए प्रदेश स्तर पर 8 लोगों की टोली बनाई गई है, जिसमें यात्रा के प्रदेश संयोजक, प्रदेश शासन के मंत्री भूपेन्द्र सिंह के साथ सभी सदस्यों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्री शर्मा ने बताया कि 3 सितंबर को पहली जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह चित्रकूट में करेंगे। यह यात्रा निवाड़ी से होते हुए भोपाल पहुंचेगी। जिसके संयोजक सांसद गणेश सिंह एवं सह संयोजक, प्रदेश शासन के मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह हैं।

**दूसरी यात्रा** महाकौशल के मंडला से 5 सितम्बर को प्रारंभ होगी जिसका शुभारंभ केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे। यह यात्रा जबलपुर होते हुए भोपाल पहुंचेगी, जिसके संयोजक सांसद उदयप्रताप सिंह एवं सह संयोजक अभिलाष पाण्डे हैं।

**तीसरी यात्रा** इंदौर संभाग के खंडवा से 4 सितंबर को धूनी वाले बाबा का आशीर्वाद लेकर प्रारंभ होगी, जिसका शुभारंभ देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और इसके संयोजक सांसद शंकर लालवानी एवं सह संयोजक आईडीए के अध्यक्ष जयपाल चावड़ा हैं।

**चौथी यात्रा** मालवा के नीमच से 4 सितम्बर को प्रारंभ होगी, जिसका शुभारंभ देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। जिसके संयोजक किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर एवं सह संयोजक तेज बहादुर हैं।

**पांचवी यात्रा** ग्वालियर-चंबल संभाग के श्योपुर से 6 सितम्बर को प्रारंभ होगी, जिसका शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी करेंगे। जिसके संयोजक प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत एवं सह संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष श्री चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी हैं।

### 210 विधानसभाओं से गुजरेंगी यात्राएं

श्री शर्मा ने बताया कि पांचों यात्राओं को मिलाकर सभी जन आशीर्वाद यात्राएं कुल 10643 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी और प्रदेश की 210 विधानसभाओं से गुजरेंगी। इन यात्राओं का 998 स्थानों पर स्वागत होगा, 678 रथ सभाएं और 211 बडी जनसभाएं आयोजित की जाएंगी।

### भोपाल में होगा कार्यकर्ता महाकुंभ

इन यात्राओं के बाद पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सिंतबर को भोपाल में होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस महाकुंभ में आमंत्रित किया गया है। इस समागम में 10 लाख कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

कांग्रेस की जमकर पैरोकारी, बताया ब्रांड

# जयंत ने एनडीए में जाने की अटकलों को फिर किया खारिज

### गठबंधन को आगे बढ़ाने में कांग्रेस की बड़ी



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) प्रमुख जयंत चौधरी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस की भूमिका को लेकर जोरदार पैरोकारी की है। उन्होंने कहा, कांग्रेस एक बांड है और गठबंधन को आगे बढ़ाने में उसकी बड़ी भूमिका है।

वहीं रालोद का एनडीए के साथ जाने की लगाई जा रही अटकलों को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया। मुंबई में होने जा रही इंडिया की तीसरी महत्वपूर्ण बैठक से पहले जयंत ने कांग्रेस पार्टी को लेकर कहाकि इंडिया गठबंधन को आगे बढ़ाने में उसकी बड़ी भूमिका है। क्योंकि कांग्रेस एक पुरानी और बड़ी पहचान रखने वाली पार्टी है। देश में तमाम लोग लंबे समय से कांग्रेस के लिए वोट करते आ रहे हैं। इसलिए विपक्षी दलों के किसी भी गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहाकि कई राज्यों में क्षेत्रीय दल प्रभावी हैं, शायद उन्हें अधिक जगह दी जानी चाहिए। ताकि भाजपा का बेहतर मुकाबला किया जा सके। हालांकि देश के कई राज्य ऐसे हैं ,जहां क्षेत्रीय पार्टियों का कोई संगठन, जीतने की संभावना या उम्मीदवार नहीं है, वहां कांग्रेस ही सबसे बेहतर विकल्प है।

### घमंडिया बताने पर मोदी की आलोचना की

जयंत ने 26 दलों के विपक्षी गठबंधन इंडिया को घमंडिया कहने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी नेता जिसके पास बहुमत है, वह अपने विपक्ष पर इस तरह हमला करता है तो यह उसके आत्मविश्वास की कमी को प्रकट करता है। लोकतंत्र में हमेशा ऐसे लोग होंगे जो आपका विरोध करते हैं, सवाल पूछते हैं, चुनाव लड़ते हैं, वे आपके कट्टर दुश्मन नहीं हैं कि आप उन्हें इस तरह का नाम दें।

मुख्य सचिव और सीईओ बेलवाल के खिलाफ लोकायुक्त पहुंची कांग्रेस

# ग्रामीण आजीविका मिशन में 5 सौ करोड़ से अधिक के घोटाले का आरोप, जांच की मांग



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन में 5 सौ करोड़ से अधिक के घोटाले का आरोप लगया है। इस मामले में कांग्रेस ने राज्य के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ललित मोहन बेलवाल के खिलाफ लोकायुक्त में शिकायत की है, दोनों के खिलाफ जांच कर लोकायुक्त संगठन से जांच कराकर प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग की है।

वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की अगुवाई में लोकायुक्त से मिले कांग्रेस के वरिष्ठ प्रतिनिधि मंडल में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व मंत्री तरुण भनोत, पूर्व विधायक पारस सखलेचा शामिल थे। बाद में श्री तन्खा ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि पोषण आहार मामले में 8 जिलों में करीब 5 सौ करोड़ रुपए के घोटाले की बात मप्र के महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में सामने आई है। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस इस मामले में संदेह के घेरे में इसलिए आ रहे हैं। श्री तन्खा ने इस संदेह की वजह मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के सीईओ ललित मोहन बेलवाल को बताया और कहा कि श्री बेलवाल रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी हैं। श्री बैस के 2014 में मुख्यमंत्री के सचिव बनते ही उन्होंने बेलवाल को आपना सीईओ बनाया और एमपी एग्रो कॉर्पोरेशन के अधीन कार्य करने वाली सातों फैक्ट्रियों को ग्रामीण विकास विभाग के दूसरे विभाग में ट्रांसफर कर दिया। यह व्यवस्था वर्ष 2018 तक चलती रही। दिसंबर 2018 में चुनाव के बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद जब भ्रष्टाचार की भनक लगी तो तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सातों कंपनियों का एमपी एग्रो में तबादला कर दिया। कमलनाथ सरकार के गिरने के कुछ दिनों बाद ही श्री बैस मुख्य सचिव बन जाते हैं और बेलवाल को दोबारा संविदा पर वापस रख लेते हैं और कुछ दिनों बाद वही सातों कंपनियां फिर से वापस ले आते हैं।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

# अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई हो



**भोपाल, देशबन्धु।** निर्वाचन सदन भोपाल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने निर्वाचन व्यय निगरानी के अंतर्गत एनफोर्समेंट एजेंसी के स्टेट नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अवैध मदिरा, महुआ लहान, अवैध धन, मादक पदार्थों की रोकथाम, बॉर्डर पर बने नाकों की जांच करने सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य बिंदु पर चर्चा की गई। साथ ही स्टेट नोडल अधिकारियों द्वारा की जा रही कार्रवाईयों की भी समीक्षा की गई।

श्री राजन ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को वाहनों की जाँच करने और अवैध तरीके से वाहनों में लगे सायरन, नेम प्लेट पर कार्रवाई और वन विभाग के अधिकारियों को वन नाकों की जाँच करने के भी निर्देश दिए। साथ ही स्टेट नोडल अधिकारियों को टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित पुलिस, आबकारी, इनकम टैक्स, स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी, भारतीय रिजर्व बैंक, सेंट्रल बोर्ड ऑफ कस्टम, सीजीएसटी-जीएसटी, डीआरआई, नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सेंट्रल ब्यूरो ऑफ नॉरकोटिक्स, स्टेट नॉरकोटिक्स, ईडी, रेलवे पुलिस, आरपीएफ, सीआईएसएफ, एयर पोर्ट ऑफ अथॉरिटी ऑफ इंडिया, स्टेट सिविल एविऐशन डिपॉर्टमेंट, वन विभाग, डाक विभाग, परिवहन विभाग के नोडल अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला, एडीजी साइबर एवं राज्य नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय निगरानी योगेश देखमुख, आईजी कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था अनुराग सहित समस्त विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगाई

# आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को दी अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में राज्य की भूपेश बघेल सरकार को हराने और 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में हुई गलती को दोहराने से बचने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। भाजपा ने देश के कई राज्यों से अपने नेताओं की फौज को प्रदेश की सभी 90 विधान सभा सीटों पर पहले ही उतार रखा है लेकिन अब पार्टी ने धरातल से मिल रहे फीडबैक के आधार पर आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में तैनात कर दिया है। वैसे तो भाजपा में आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं की भरमार है। आरएसएस से भाजपा में आने वाले कई नेता केंद्र में मंत्री हैं, कई राज्यों में मुख्यमंत्री और मंत्री है, सरकार से लेकर पार्टी संगठन में अहम पदों पर बैठे हैं। लेकिन, पार्टी संगठन में राष्ट्रीय संगठन महासचिव के पद पर नियुक्त नेता को भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच की कड़ी माना जाता है।

वर्तमान में यह जिम्मेदारी बीएल संतोष निभा रहे हैं जो आरएसएस द्वारा बुलाई गई बैठक में भाजपा की तरफ से शामिल होकर भाजपा के कामकाज की रिपोर्ट सौंपते हैं। राज्य के स्तर पर प्रदेश संगठन महासचिव भी कुछ हद तक इसी तरह की भूमिका निभाते हैं।

### देश के कई राज्यों से नेताओं की फौज सभी 90 सीटों पर उतारा

छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा आलाकमान की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पार्टी ने अपने दो प्रदेशों के संगठन महासचिवों को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग संभागों में तैनात कर दिया है। पार्टी आलाकमान ने झारखंड प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव कर्मवीर को छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग की जिम्मेदारी देकर इस क्षेत्र में आने वाले 7 जिलों की चुनावी कमान सौंप दी है। बस्तर संभाग में आने वाले 7 जिलों में छत्तीसगढ़ राज्य की 12 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटें आती हैं। इसके साथ ही पार्टी ने पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव सतीश धोंड को बिलासपुर संभाग का दायित्व सौंपा है। बिलासपुर संभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 8 जिले आते हैं जिसमें 25 विधानसभा और 4 लोकसभा की सीटें आती हैं। इसके अलावा पार्टी ने बिहार भाजपा के कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल को छत्तीसगढ़ के रायपुर संभाग का दायित्व देकर इस संभाग के अंतर्गत आने वाले राज्य के 6 जिलों के 19 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटों पर चुनावी रणनीति को जमीनी धरातल पर सौंपने की जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा ने बिहार के विधायक संजीव चौरसिया को दुर्ग संभाग का दायित्व सौंपा है। दुर्ग संभाग में आने वाले जिलों की संख्या 8, विधानसभा सीटों की संख्या 20 और लोकसभा सीटों की संख्या 2 है। भाजपा ने झारखंड के विधायक अनंत ओझा को सरगुजा संभाग का दायित्व सौंपा है। इस संभाग के अंतर्गत 6 जिले, प्रदेश की 14 विधानसभा और एक लोकसभा सीट आती है।

भारत के सौर मिशन की तारीख की हुई घोषणा

# 2 सितम्बर को लॉन्च होगा आदित्य-एल 1

- प्रक्षेपण देखने के लिए आम लोगों को किया आमंत्रित
- राकेट पीएसएलवी-एक्सएल द्वारा ले जाया जाएगा सौर गतिविधियों पर प्रभाव का अध्ययन संभव हो सकेगा

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद अब सूर्य को करीब से जानने के लिए 2 सितम्बर को पूर्वाह्न 11.50 बजे देश की पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला 'आदित्य-एल1' लॉन्च करेगा।

इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 को भारतीय रॉकेट पीएसएलवी-एक्सएल द्वारा ले जाया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र की गैलरी से प्रक्षेपण देखने के लिए आम लोगों को पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। प्रारंभ में, आदित्य-एल1 को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

बाद में धीरे-धीरे इसकी कक्षा का उन्नयन किया जाएगा, और अंतत: पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकलकर सूर्य के करीब एल-1 प्वाइंट की ओर सफर शुरू करेगा।

### 7 पेलोड ले जाएगा आदित्य-एल1

इसरो के अनुसार, अंतरिक्ष यान विद्युत चुम्बकीय और कण और चुंबकीय क्षेत्र डिटेक्टरों का उपयोग करके फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों (कोरोना) का निरीक्षण करने के लिए सात पेलोड ले जाएगा। एजेंसी ने बताया, विशेष सुविधाजनक बिंदु रु का उपयोग करते हुए चार पेलोड सीधे सूर्यमुखी होंगे और शेष तीन पेलोड लैग्रेंज बिंदु रु पर कणों और क्षेत्रों का अध्ययन करेंगे। उम्मीद है कि मिशन से कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, प्री-फ्लेयर और फ्लेयर गतिविधियों और उनकी विशेषताओं, अंतरिक्ष मौसम की गतिशीलता, कण और क्षेत्रों के प्रसार और अन्य, भारतीय अंतरिक्ष की समस्या को समझने के लिए सबसे महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।